संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 09 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी के सीएम योगी सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन में शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 14 अंकः 270 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत का अगला दौर आज से

नई दिल्ली : भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर बातचीत का अगला दौर सोमवार से शुरू होगा। ब्रिटेन का 30 सदस्यीय एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ शेष मुद्दों पर वार्ता शुरू करेगा। दोनों देशों ने हाल ही में 13वें दौर की बातचीत संपन्न की है। अधिकारी सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में कहा कि ब्रिटेन का 30 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल एफटीए के शेष मुद्दों पर सोमवार से भारतीय दल के साथ इसके अगले दौर की बातचीत शुरू करेगा। दोनों देश एक अंतरिम मुक्त व्यापार क्षेत्र पर विचार कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश वस्तुओं पर टैरिफ कम हो जाएगा। उल्लेखीनय है कि भारत और ब्रिटेन ने 2022 में औपचारिक मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू की थी। दोनों देशों के बीच निवेश पर एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के तहत बातचीत की जा रही है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में एक दल वार्ता को गति देने के लिए पिछले हफ्ते लंदन गया था।

### किसान आंदोलन को बदनाम कर रही है सरकार : संयुक्त किसान मोर्चा

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि मोदी सरकार किसान आंदोलन को नये सिरे बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जिसका किसान संगठन विरोध करते हैं। एसकेएम ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि 'हम एफआईआर में स्पष्ट रूप से झूठे और द्वेषपूर्ण आरोपों को खारिज करता है कि, 'किसान आंदोलन अवैध विदेशी फंडिंग के माध्यम से देश में जीवन के लिए आवश्यक आपूर्ति और सेवाओं को बाधित करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नष्ट करने, भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और आंतरिक कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा करने के लिए था।'

# इजरायल: भारतीयों की होगी वापसी

= पीएम मोदी खुद स्थिति की कर रहे निगरानी, हमास आतंकियों के खिलाफ इजरायल की लड़ाई जारी

**घर वापसी**

8 इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र हैं, पीएम मोदी ले रहे हालात का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इजरायल** ने हमास के आतंकियों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। हमास आतंकियों ने शनिवार तड़के इजरायल पर भारी संख्या में रॉकेट से हमला किया। इजारल की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इस समय कई भारतीय नागरिक इजरायल में मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र हैं।

**पीएम कार्यलाय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा:** भारत सरकार लगातार मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले पर विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा,"मुझे कल रात कई मैसेज मिले और पूरी रात हम काम कर रहे थे। मुझे यह भी पता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है। हम लगातार काम पर जुटे हैं।" उन्होंने आगे कहा,"पहले भी आंध्र प्रदेश के लोगों सहित कई छात्र फंस गए थे। इसलिए चाहे वह ऑपरेशन गंगा हो या वंदे भारत, हम सभी को वापस लाए और मुझे यकीन है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे उन लोगों के संपर्क में हैं। पीएम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।"

### भारतीयों को दूतावास से संपर्क करने की सलाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** राज्य विदेश मंत्री वी मुरलीधरन ने इस्राइल में फंसे भारतीयों से सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने लोगों से किसी भी चीज की जरूरत होने पर भारतीय दूतावास से सीधे संपर्क करने की सलाह भी दी।
मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने पहले ही वहां फंसे लोगों के लिए एडवायजरी जारी कर दी है। उन्होंने कहा, 'इस्राइल में फंसे भारतीय किसी भी समय भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। दूतावास वहां फंसे भारतीयों को हर तरह की सहायता प्रदान करेगा।' इस्राइल-हमास के बीच चल रहे इस हमले पर भारत के रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने यह बात साफ कर दी है।'

### गाजा में 400 से अधिक आतंकियों की मौत

**आतंकवादी** हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हमास के आतंकवादी कई घिरे हुए शहरों पर हमला कर रहे थे और गाजा के अंदर 400 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि दर्जनों को बंदी बना लिया गया है। वहीं, गाजा में अब तक कम से कम 313 लोग मारे गए हैं। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को युद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि हमास आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया है। हम युद्ध के लिए तैयार हैं और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी:** बता दें कि भारतीय दूतावास ने अपने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि, वे भारतीय दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं, लेकिन स्थिति बहुत तनावपूर्ण होने के कारण वे बेहद घबराए हुए और डरे हुए महसूस कर रहे हैं। इजरायल में फंसे एक भारतीय छात्र गोकुल बताया, 'मैं बहुत घबराया हुआ और डरा हुआ हूं।

# वर्ल्ड कप: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया



**जीत से आगाज**

8 ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया
8 विराट शतक से चुके
8 केएल राहुल ने बनाए नाबाद 97 रन

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**टीम इंडिया** ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। भारतीय टीम ने चेपॉक में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। कंगारू टीम से मिले 200 रन के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 41.2 ओवर में हासिल किया। केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने 85 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम ने चेपॉक में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। कंगारू टीम से मिले 200 रन के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 41.2 ओवर में हासिल किया। केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने 85 रन का योगदान दिया। इससे पहले चेन्नई के एमए चिंदबरम क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय स्पिनर्स ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 199 रन पर ऑलआउट किया। रविंद्र जडेजा ने तीन और कुलदीप यादव ने दो बड़े विकेट अपने नाम किए। राहुल ने नाबाद 97 और कोहली ने 85 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा सिर्फ हार्दिक पांड्या ही अपना खाता खोल पाए। उन्होंने 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने तीन और मिचेल स्टार्क ने एक विकेट लिया। बल्ले के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 46 रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। वॉर्नर ने भी 41 रन की पारी खेली। अंत में स्टार्क ने 28 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। सिराज, हार्दिक और अश्विन ने एक-एक विकेट लिया।

### विराट शतक से चूके

**विराट** कोहली 116 गेंद में 85 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। जोश हेजलवुड ने उन्हें मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। कोहली ने अपनी पारी में छह चौके लगाए और राहुल के साथ 165 रन की साझेदारी की। हालांकि, वह मैच नहीं खत्म कर सके और अपने शतक से भी चूक गए, लेकिन वह टीम इंडिया को जीत की दहलीज पर पहुंचाकर आउट हुए। वहीं विराट कोहली और लोकेश राहुल के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। दोनों ने 146 गेंद में 100 रन जोड़े हैं और मैच में टीम इंडिया की वापसी कराई।

## भारत-चीन को एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत: तवांग मठ



**टीम एक्शन इंडिया/तवांग**
**भारत-चीन के** बीच बढ़ते तनाव को रोकने के लिए तवांग मठ ने सलाह दी। मठाधीश ने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे पर भरोसा रखने और बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है।
दशकों पहले तिब्बत से भारत आए मठाधीश शेडलिंग तुलकू थुप्टेन तेंदर रिंपोछे ने दावा किया कि तिब्बत में कोई धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह घर वापस तभी जाएंगे जब इन मुद्दों का समाधान हो जाएगा। मठाधीश ने कहा कि भारत और चीन की सरकारों को एक दूसरे पर भरोसा रखना होगा। उसके बाद उन्हें स्थिति के पीछे की सच्चाई जानते की जरूरत है कि आखिर वास्तविकता क्या है। उन्होंने कहा कि हमें उनके दावों पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि आखिर सच्चाई क्या है। दोनों देशों के बीच मुद्दों के समाधान के लिए चर्चा को एकमात्र विकल्प बताया। उन्होंने कहा, 'हम तिब्बत, चीन या भारत में रहने वाले लोगों की समस्याओं को युद्ध से हल नहीं कर सकते। हम शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा करके ही समाधान कर सकते हैं।

## अगर तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा, तो खतरे में पड़ जाएगा देश: विजयन



**आरोप**

8 देश में गायों के आधार पर सांप्रदायिक झड़पें हो रही हैं, जिस तरह का भोजन खाया जाना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/ तिरुवनंतपुरम**
**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो देश एक ऐसे खतरे में पड़ जाएगा, जिससे पार नहीं पाया जा सकेगा और उसके बाद पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ-साथ आरएसएस और संघ परिवार पर हमला करते हुए विजयन ने उन पर देश में विविधता को नष्ट करने और धर्म के आधार पर राष्ट्र बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि देश में गायों के आधार पर सांप्रदायिक झड़पें हो रही हैं, जिस तरह का भोजन खाया जाना चाहिए और नागरिकों के एक समूह को राष्ट्र के दुश्मन के रूप में चित्रित किया जा रहा है। उन्होंने दलील दी कि हर कोई, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या पंथ का हो, कानून के समान संरक्षण का हकदार है, लेकिन देश में इसे बदला जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्तरी केरल के इस जिले में एक कार्यक्रम में कहा कि इन सबने अल्पसंख्यक समुदायों के बीच भय और आशंका पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो देश को ऐसे खतरे का सामना करना पड़ेगा जिससे पार नहीं पाया जा सकेगा और उसके बाद खेद जताने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।'

## मनरेगा से वंचित लोगों से मुलाकात करेंगे बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद

**बात सुनेंगे**

8 मैं मनरेगा वंचितों से बात करूंगा और सीधे उनकी शिकायतें सुनूंगा : राज्यपाल आनंद बोस



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सीवी आनंद मनरेगा के काम से वंचित लोगों से मिलेंगे। राज्यपाल आनंद बोस ने कलिम्पोंग में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं वंचितों से बात करूंगा और सीधे उनकी शिकायतें सुनूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं न केवल केंद्र सरकार बल्कि हर उस संबंधित पक्षों से बात करूंगा, जो मनरेगा से जुड़े हैं।

**दार्जिलिंग दौरे पर राज्यपाल सीवी आनंद बोसः** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल उत्तर बंगाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर हैं। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल ने मुख्य सचिव एचके द्विवेदी को पत्र लिखा, जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या राजभवन के बाहर टीएमसी के धरना प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी। बता दें दार्जिलिंग के दौरे पर गए राज्यपाल ने वहां तीन सदस्यीय टीएमसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी।
इस दौरान राज्यपाल ने मनरेगा बकाए का मामला केंद्र के सामने उठाने का आश्वासन दिया। सूत्रों की माने तो राज्यपाल के रविवार शाम तक कोलकाता लौटने की संभावना है।

## इस्राइली दूत ने ईरान पर लगाया हमास को समर्थन देने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इस्राइली** राजदूत नाओर गिलॉन ने कहा कि ईरान इस्राइल पर हमास के हमले का समर्थन कर रहा है और विद्रोही गुट को गोला बारूद की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्रवाइयों में शामिल आतंकवादियों को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ेगा। गिलॉन ने कहा कि इस्राइल अपनी शर्तों पर अपनी गति से और जिस तरह से उचित समझेगा, जवाब देगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, यह साफ है कि ईरान इसमें शामिल है। हम हथियारों के प्रशिक्षण और आपूर्ति की बात लेकर निश्चित हैं। उन्होंने कहा, मैं इस हमले को आयोजित या व्यवस्थित करने में मदद की बात से इनकार नहीं कर सकता। अब यह कोशिश की जा रही है कि इस्राइल का ध्यान खींचने के लिए उत्तरी सीमा को गर्म किया जाए। गिलॉन ने कहा कि यह ऐसा इलाका है जहां भारतीय वदीर्धारी सैनिक मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस्राइल इस संभावना से इनकार नहीं करेगा कि ईरान हमले में आतंकवादी समूह की सहायता कर सकता है।उन्होंने कहा, 'आतंकवादी बहुत बड़ी कीमत चुकाने जा रहे हैं।

## मणिपुर: राज्यमंत्री खेमचंद युमनम के आवास पर ग्रेनेड हमला

**हिंसा जारी**

8 राज्य मंत्री खेमचंद युमनम के आवास के पास हैंड ग्रेनेड विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान समेत दो लोग घायल



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** के पश्चिमी इंफाल जिले में राज्य मंत्री खेमचंद युमनम के आवास के पास हैंड ग्रेनेड विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान समेत दो लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार को युमनम लेकई में रात के कराब 10 बजे की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो मोटरसाइकिल सवार ने ग्रेनेड फेंका, जो कि मंत्री के आवास के मुख्य द्वार के कुछ ही मीटर दूर गिरा। घायल हुए सीआरपीएफ जवान की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी दिनेश चंद्र दास के तौर पर हुई है। उनके हाथ पर चोट आई है। वहीं दूसरी घायल व्यक्ति एक महिला थी, उसके दाएं पंजे में चोट लगी थी। युमनाम ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री हैं। इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने इस हमले की निंदा भी की। मणिपुर सरकार ने मंजूरी लिए बिना जिलों और संस्थानों के नाम बदलने के खिलाफ एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि इस तरह का कदम समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति पैदा कर सकता है।

**युद्ध और शांति**

पांच विशेषज्ञों का बैच सीमा बैठकों के दौरान भारत और चीन पक्षों के बीच दुभाषिए के रूप में भी भूमिका निभाएगा

# चीन से निपटने को भारत अपनी सेना को सिखाएगा मंदारिन



**भाषा पर जोर**

8 चीन के साथ टकराव को देखते हुए सेना ने अपने जवानों को चीनी भाषा मंदारिन सिखाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युद्ध** और शांति के समय देश की सेवा करने वाली भारत की टेरिटोरियल आर्मी (टीए) इस साल अपना 75वां स्थापना दिवस मना रही है। इस दौरान उसने मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में पड़ोसी मुल्क चीन के साथ टकराव को देखते हुए सेना ने अपने जवानों को चीनी भाषा मंदारिन सिखाने की तैयारी कर ली है। इसके तहत सेना ने टेरिटोरियल आर्मी में मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। इसका मकसद 3400 किमी लंबे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात कनिष्ठ और वरिष्ठ अधिकारियों को मंदारिन भाषा में प्रवीण बनाना है ताकि वे जरूरत पड़ने पर चीनी सैनिकों का सामना होने पर उनकी भाषा समझ सकें और उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब में दे सकें। सूत्रों के अनुसार, पांच विशेषज्ञों का बैच सीमा बैठकों के दौरान भारत और चीन पक्षों के बीच दुभाषिए के रूप में भी भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, प्रादेशिक सेना ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भर्ती पर भी ध्यान दे रहा है। एक सूत्र का कहना है कि टीए की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को हुई थी। अब उसने 75 वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इन दशकों में इन लोगों ने जी-जान से देश की सेवा की है। वह लगातार अपने आपको मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। इसी क्रम में, इस साल पांच चीनी (मंदारिन) भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की गई है। सूत्र ने बताया कि इन विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया जनवरी में शुरू हुई थी और कुछ महीने पहले ही यह पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ बनने की प्रक्रिया आसान नहीं थी। मंदारिन भाषा में विशेषज्ञता रखने वाले विभिन्न उम्मीदवारों को लिखित और मौखिक परीक्षा देनी थी। जिन लोगों को चुना गया है उनकी औसत आयु 30 साल है। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि यह विशेषज्ञ सीमा कार्मिक बैठकों के दौरान भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच दुभाषिए के रूप में भूमिका निभाएंगे। इन्हें बीपीएम के अलावा अन्य नौकरियों में भी तैनात किया जा सकता है। दरअसल, सशस्त्र बलों ने पिछले तीन सालों के दौरान पूर्वी लद्दाख में सैन्य टकराव के चलते एलएसी पर निगरानी व्यवस्था और जवानों की तैनाती काफी मजबूत की है। पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील इलाके में 5 मई 2020 को भारतीय जवानों और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी।

## रिपोर्ट: भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है। यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।
संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं।

# तीन नए कानूनों से भारत की न्याय प्रणाली नए युग में करेगी प्रवेश: गृहमंत्री अमित शाह

## हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली देरी के लिए बदनाम हो चुकी थी: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
गृहमंत्री शाह ने कहा कि पुराने कानूनों में बदलाव न होने के कारण अदालतों में मामलों का जमावड़ा देखना पड़ता था और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली देरी के लिए बदनाम हो चुकी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि फोरेंसिक साइंस के उपयोग और आईपीसी, सीआरपीसी तथा एविडेंस कानून को बदलने वाले तीन नए कानूनों से देश की आपराधिक न्याय प्रणाली अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश कर रही है।
ये देश के हर नागरिक को सुरक्षा भी प्रदान करेंगे और आंतरिक सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेंगे।
उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग किए बिना यह संभव ही नहीं है। गृहमंत्री शाह देहरादून में भारतीय अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस (एआईपीएससी) के उद्घाटन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुराने कानूनों में बदलाव न होने के कारण अदालतों में मामलों का जमावड़ा देखना पड़ता था और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली देरी के लिए बदनाम हो चुकी थी। कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया
अब इन तीन नए कानूनों के पारित होने के बाद देश की जनता को न्याय मिलने में होने वाली देरी से निजात मिल जाएगी। मजबूत आंतरिक सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। शाह ने कहा कि देश की प्रगति के लिए पहली शर्त है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करना, मजबूत आंतरिक सुरक्षा और हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना।
कोई भी देश मजबूत आंतरिक सुरक्षा और अपनी सीमाओं को सुरक्षित किए बिना प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और पूर्वोत्तर में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया है।
आतंकवाद के खात्मे को पुलिस को और अधिक मजबूत करना जरूरी : उन्होंने देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए पुलिस को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। कहा, देश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार बहुत से काम कर रही है।
मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों से कहा कि बच्चों में कुपोषण और स्कूली बच्चों के पढ़ाई बीच में छोड़ने (ड्रॉपआउट) जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से लें। कुपोषण समाप्त करने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है।
शाह ने शनिवार को उत्तराखंड में देहरादून के नरेंद्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक की अध्यक्षता की।

**शाह ने कहा**
8 ये देश के हर नागरिक को सुरक्षा भी प्रदान करेंगे और आंतरिक सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेंगे।



# दक्षिण कोरिया के वेलनेस फेस्टिवल में लगा पतंजलि का स्टॉल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दक्षिण कोरिया के यंगसुंग बुकतो प्रांत में वेलनेस फेस्टिवल के तहत लगे वृहत मेले में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने भाग लिया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ की प्रकाशित ग्लासरी ऑफ कोरियन मेडिसिन पुस्तक का विमोचन किया गया। पतंजलि के उत्पादों की स्टाल भी लगाई गई।
पतंजलि की जारी विज्ञप्ति के अनुसार वेलनेस फेस्टिवल में यंगसुंग बुकतो के गवर्नर व वहां के मेयर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यंगसुंग बुकतो के गवर्नर ने आने वाले समय में अपने क्षेत्र में भारतीय गांव की स्थापना करने व पतंजलि के साथ मिल कर कोरियन मेडिसिन सिस्टम पर काम करने की इच्छा जताई। मेले में पतंजलि के स्टॉल को देखकर कोरियाई लोगों में उत्साह देखने को मिला।



आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यहां पतंजलि के उत्पादों के प्रति लोगों में विश्वास तथा स्वीकार्यता है। समारोह में वेलनेस वाक व योग का भी आयोजन किया गया। इन सब कार्यक्रमों के सफल समन्वय का कार्य सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के यूनिवर्सिटी रिसर्च कमेटी के डॉ. हीरो हित्तो ने किया। सुभारती विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्य राज, हॉलिस्टिक मेडिसिन के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र, जामनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हीराभाई पटेल, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष व प्रोफेसर तथा दक्षिण कोरिया में भारतीय दूतावास के राजनयिक निशीकांत सिंह उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पदोन्नति कोटा पूरा होने के बाद भी लटकी है, सीधी भर्ती से चयनित वन दारोगाओं की नियुक्ति

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वर्ष 2018 की अधीनस्थ वन ( संशोधन) सेवा नियमावली के अनुसार प्रदेश में वन दारोगा के दो-तिहाई पद पदोन्नति के माध्यम से व एक-तिहाई पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने का निर्णय लिया गया था।
वर्तमान में प्रदेश में वन दारोगा के कुल सृजित 1729 पदों में से 1153 पद पदोन्नति कोटे के हैं और शेष 576 पद सीधी भर्ती कोटे के हैं, लेकिन सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार 1300 से अधिक पद पदोन्नति के माध्यम से भरे जा चुके हैं, जिनमें से 1205 पद संशोधित नियमावली लागू होने के पश्चात पदोन्नति से भरे गए जो पदोन्नति कोटे के निर्धारित पदों से ज्यादा हैं। दूसरी ओर सीधी भर्ती के 576 पदों के सापेक्ष केवल 31 पद ही भरे हैं जो कि मृतक आश्रित कोटे से हैं।
चयनित अभ्यर्थियों ने बताया कि पदोन्नति कोटा पूरा भरा होने के बाद भी वन आरक्षी संघ इस मामले को कोर्ट में लटकाए रखने का काम कर रहा है। अभ्यर्थियों ने वन विभाग से मांग की कि उक्त वाद की न्यायालय में मजबूती से पैरवी की जाए और अतिशीघ्र चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए।

### 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस में आंतरिक सुरक्षा और सोशल मीडिया की चुनौतियां पर हुई चर्चा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में पुलिस साइंस कांग्रेस के दूसरे दिन रविवार को आंतरिक सुरक्षा और सोशल मीडिया की चुनौतियां और उससे सुरक्षात्मक रणनीति पर व्याख्यान दिया।
रविवार को प्रदेश के वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस को दिवसीय सम्मेलन के छठे सत्र में विशेष निदेशक आईबी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने वाले प्रदर्शनों पर सोशल मीडिया का प्रभाव और पुलिस के लिए चुनौतियों पर प्रस्तुतिकरण दिया।
उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों की ओर से अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग किया जाता है। आतंकवादियों की भर्ती के लिए सोशल मीडिया के चैट रूम्स का उपयोग किया जा रहा है। देश की आंतरिक सुरक्षा को प्रभावित करने और विदेश ताकतों की ओर से अपने हितों के लिए निर्धारित एजेंडा फैलाने के लिए भी सोशल मीडिया को माध्यम बनाया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि चुनौतियों से लड़ने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेशों का प्रसारण,पुलिस के स्तर पर तथ्य की जांच व युनिट्स की स्थापना, सोशल मीडिया ग्रुपों में सतर्क दृष्टि रखते हुए सक्रिय रहना और सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों पर अवरोधन नियम का पालन करने के लिए आईटी एक्ट प्रावधानों के तहत नोडल अधिकारी नियुक्ति की जाए।
संदीप चौधरी, आईपीएस, एसएसपी, साइबर अपराध जांच उत्कृष्टता केंद्र, जम्मू-कश्मीर ने सीबीआरएन (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु) को खतरा बताते हुए इसकी गंभीरता और परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि इस विषय पर पूर्व से तैयारी करना आवश्यक है। उन्होंने सीबीआरएन खतरा के विभिन्न आयामों एवं उनसे निपटने के लिए राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय नियमों के बारे में विस्तार से बताया।
स्विकर लामा, सहायक प्रोफेसर, एनएफएसयू, गांधीनगर ने मनोविज्ञान और पुलिस को समझने व प्रभावी कदम उठाने पर अपना व्याख्यान दिया।
उन्होंने भीड़ की सामाजिक पहचान, प्रबन्धन में पुलिस की भूमिका, प्रभावी वातार्लाप, सॉफ्ट स्पोकन, भीड़ नेतृत्वकर्ता की पहचान एवं उसको प्रभाव में लेना, भीड़ की सोशल डेमोग्राफी एवं सोशल मीडिया की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

# नीती घाटी में टिंबरसैं महादेव बनेगा तीर्थाटन का नया डेस्टिनेशन

**चमोली/टीम एक्शन इंडिया**
चीन सीमा से सटी नीती घाटी में टिंबरसैंण महादेव की गुफा है। जहां हर साल लगभग 10 फीट तक ब र्फ का शिवलिंग बनता है। स्थानीय लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। लेकिन अभी तक देश दुनिया के श्रद्धालुओं को टिंबरसैंण महादेव के बारे में कम जानकारी है।
चमोली जिले के नीती घाटी में टिंबरसैंण महादेव तीर्थाटन का नया डेस्टीनेशन बनेगा। टिंबरसैंण गुफा में अमरनाथ की तरह प्राकृतिक रूप से शिवलिंग की आकृति बनाती है। चारधाम यात्रा नवंबर माह में संपन्न हो जाती है। इसके बाद सरकार का फरवरी व मार्च में टिंबरसैंण महादेव की यात्रा को बढ़ावा देने पर फोकस है। सरकार का मानना है कि सीमांत गांव में पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। चीन सीमा से सटी नीती घाटी में टिंबरसैंण महादेव की गुफा है। जहां हर साल लगभग 10 फीट तक ब र्फ का शिवलिंग बनता है। स्थानीय लोग पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। लेकिन अभी तक देश दुनिया के श्रद्धालुओं को टिंबरसैंण महादेव के बारे में कम जानकारी है। अब सरकार अमरनाथ की तर्ज पर टिंबरसैंण महादेव की यात्रा को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। अभी तक तीर्थयात्री चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आते हैं।

# साहित्यकारों के रक्तदान शिविर में 35 ने किया रक्तदान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
साहित्य की रचना कर समाज को दिशा देने वाले साहित्यकारों ने रोटेरियन के साथ मिलकर रक्तदान किया।
महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी धर्मशाला रुड़की में रोटरी क्लब एवं नव सृजन साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले रक्त दान शिविर में 35 रक्तदान वीरों ने रक्तदान किया, जिन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।
शिविर में रक्त लेने के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की एक टीम रुड़की धर्मशाला में आई थी। साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन ने इस अवसर पर कहा




कि नवसृजन साहित्यिक संस्था व रोटरी क्लब के सदस्यों का यह रचनात्मक प्रयास प्रशंसनीय है। नवसृजन ने समाज सेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाकर यह सिद्ध किया है कि साहित्यकार कलम से ही नही सेवा में भी आगे है। इस रक्तदान शिविर के लिए स्थान उपलब्ध कराने में सैनी धर्मशाला के अध्यक्ष समय सिंह सैनी जी का विशेष सहयोग रहा।
शिविर में रोटरी क्लब के अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ,सचिव वीरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश चंद्रा और शिविर संयोजक डॉ. संजीव कुमार सैनी की मौजूदगी के साथ ही नवसृजन साहित्यिक संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. श्रीमती शालिनी जोशी पंत ,महासचिव किसलय क्रांतिकारी, कोषाध्यक्ष पंकज त्यागी असीम , अनिल अमरोहवी ,नवीन शरण निश्चल तथा संस्था के वरिष्ठ समन्वयक सुरेंद्र कुमार सैनी उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने भरे रंग

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर की प्रमुख व सबसे पुरानी धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थाओं में से एक शारदा संघ के तत्वावधान में रविवार को नगर के डीएसए-फ्लैटस मैदान क्षेत्र में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहली बार सशुल्क आयोजित हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी ने किया। प्रतियोगिता के दौरान शारदा संघ स्थित संगीत विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के 1500 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कल्पनाओं में रंग भरे।



यह संख्या पिछली बार के 1800 से कुछ कम रही। कारण इस बार प्रतिभागी बच्चों से 30 रुपये शुल्क लिया गया।
बताया गया कि आयोजक अधिक संख्या में आने वाले बच्चों का ठक से प्रबंधन नहीं कर पा रहे थे। प्रतियोगिता में नैनीताल बैंक, कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक, पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, होली एकेडमी के श्री विग, मुरादाबाद के बुंगला परिवार व अल्फा स्पोर्ट्स ने आर्थिक सहयोग किया

## होटल में टहलते हुए हुई पर्यटक की मौत

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल घूमने आये एक पर्यटक की होटल परिसर में टहलने के दौरान मौत हो गई। होटल प्रबंधन और पर्यटक के परिजन पर्यटक को मूर्छित अवस्था में बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने पर्यटक को मृत घोषित कर दिया।
जिला चिकित्सालय के ईएमओ डॉ. हाशिम अंसारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी निवासी 53 वर्षीय प्रदीप कुमार को चिकित्सालय में मृत अवस्था में चिकित्सालय लाया गया था। प्रथमदृष्टया मौत का कारण हृदयाघात लग रहा है।

# प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर : ज्योति रौतेला



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर आगामी 15 अक्टूबर से महिला स्वाभिमान न्याय यात्रा आयोजित करने जा रही है।रविवार को न्याय यात्रा महिला स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर उत्तरकाशी पहुंचीं महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रौतेला ने लोनिवि विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। अब तो घर-घर शराब खोलने का भी सरकार ने युवाओं को लाइसेंस दे दिया है।उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस प्रदेश जिला, विधानसभा क्षेत्र में महिला स्वाभिमान सम्मेलन में यह संदेश देगी। उन्होंने कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। अंकिता भंडारी हत्याकांड पर श्रीमती रौतेला ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए प्रदेशभर में प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि सरकार को चेताने के लिए मुख्यमंत्री कूच के दौरान उन्होंने अपना सिर मुंडवाकर सरकार को ये साफ संदेश दिया है कि महिलाएं अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए लामबंद हैं।
इस दौरान पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने भी उत्तराखंड सरकार की विफलताओं के साथ प्रदेश एवं स्थानीय स्तर के विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, ताम्बाखानी स्थित कूड़ा निस्तारण, पार्किंग, जलविद्युत परियोजनाएं, नमामि गंगे में भ्रष्टाचार, पीएमजेएसवाई की सड़कों में अनियमितताएं, जोशियाड़ा डबल लेन मोटर पुल, तिलोथ पुल, आईटी आई, पॉलिटेक्निक भवन, जिला अस्पताल की दुर्दशा, कोविड बजट में अनियमितता, भटवाड़ी में बहुद्देशीय भवन से लेकर पर्यटन एवं तीर्थाटन के साथ चारधाम यात्रा में रिजिस्ट्रेशन से उपजी समस्याओं पर जमकर भाजपा सरकार को घेरा।

# पुरोला के लाल धान की खेती तैयार, कटाई में जुटे काश्तकार

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
रवांई के पुरोला क्षेत्र का मशहूर लाल धान (चरदान) का कटोरा तैयार हो चुका है। इन दिनों पुरोला के कमल और रामा सेंराई में धान की कटाई शुरू हो चुकी है ।रवांई घाटी के पुरोला के करीब 2000 हेक्टेयर क्षेत्र में लाल धान की खेती होती है। यदि इसे जीआई टैग मिल जाता है, तो अंतराष्ट्रीय बाजार में यह एक ब्रांड बन जायेगा।
गौरतलब है कि पौष्टिकता से भरपूर लाल धान आयरन प्रोटीन एंटी ऑक्सीडेंट की होती है। पुरोला के प्रचुर मात्रा चरदान की



खेती करने वाले चंदेली के गोविन्द राम नौटियाल,नेत्री गांव के केंद्र सिंह, बलवंत सिंह आदि ने बताया कि यह अनाज सदियों से हमारे क्षेत्र में उगाया जा रहा है, लेकिन इस बार पैदावार इतनी अच्छी नहीं है।
पारंपरिक जैविक तरीके से उगाए जाने वाले इस धान में आयरन, प्रोटीन, पोटैशियम, फाइबर और एंटी ऑक्सीडेट भरपूर मात्रा में रहती है। यह दिल, हड्डी, मोटापे और अस्थमा आदि बीमारियों से बचाता हैं। इसका मुख्य कारण बीज का पुराना होना और पहाड़ों में तापमान का बढ़ना है।
हिमाचल के खरीदार लाल चावल को 100 -140 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदते हैं।
पुरोला के लाल धान की की डिमांड हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में है। कृषि विभाग चाहता है कि गंगा घाटी के लोग भी इसका उत्पादन शुरू करें, जिसे कि काश्तकारों की आमदनी अधिक बढ़े। विभाग ने इसके नई पहचान देने की तैयारी की थी।

# वीडियो लाइक और सबस्क्राइब के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एसटीएफ और साइबर पुलिस ने यूट्यूब वीडियो को लाइक और सबस्क्राइब करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले ठगी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसे देश भर के 18 राज्यों की पुलिस अलग-अलग मामलों में तलाश कर रही हैं।
वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नये-नये तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। इसी क्रम में एक प्रकरण साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में शिकायतकर्ता सन्नी जैन ने भिन्न-2 ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 14,18,127 की धोखाधड़ी होने की शिकायत की थी। इस पर अभियोग पंजीकृत पंजीकृत कर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए गठित टीम की गई थी। तकनीकी जांच के बाद संदिग्ध अभियुक्त का लुधियाना पंजाब से सम्बन्ध होना पाया गया। इसमें टीम को सम्बन्धित स्थानों को रवाना किया गया। अभियुक्त हरमीत सिंह बेदी पुत्र बलजीत सिंह बेदी निवासी म.नं. 1855, सेक्टर 32अ, चंडीगढ़ रोड थाना डिविजन नं. 07, लुधियाना, पंजाब को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन मय सिम कार्ड, 01 अदद मैक बुक एयर, 1 यस बैंक का चेक और एक मोहर बरामद किये गये।

## अपराध का तरीका-



नामी गिरामी कम्पनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर आम जनता से व्हाट्सएप / ई-मेल / दूरभाष व अन्य सोशल साइटों के माध्यम से सम्पर्क कर स्वयं को कम्पनियों के एचआर/ कर्मचारी प्रतिदिन 3-8 हजार रुपये कमाने का प्रलोभन देकर जॉब ऑफर कर लिंक भेजकर टेलीग्राम एप डाउनलोड करवाकर और अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ना। तत्दपश्चात विभिन्न यू ट्यूब वीडियो लाइक एवं सब्स्क्राइब करने के टास्क देते हैं और उसमें निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी से भिन्न-भिन्न लेन देन के माध्यम से धनराशि प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातों से प्राप्त कर उक्त धनराशि का प्रयोग करते हैं। उक्त कार्य के लिए फर्जी सिम, आईडी कार्ड और फर्जी खातों का प्रयोग कर अपराध किया जाता है। टेलीग्राम चैनल का संचालन दुबई से किया जा रहा है।आरोपित ने कबूला कि वह लोगों से दोस्ती करता था और फर्जी अकाउंट खोलता था। पी2पी क्रिप्टो ट्रेडिंग में विवादित पैसा भी लगाया।

## एक और राष्ट्रीय घोटाला का खुलासा-

मामले के प्रारंभिक विश्लेषण में न्यूनतम 18 करोड़ का घोटाला सामने आया है। साथ ही गिरफ्तार आरोपित को आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल, केरल, ओडिशा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हरियाणा, छत्तीसगढ़ तलाश कर रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के लोक लुभावने प्रलोभन में न आएं।

## Name Change

I Ravina Vishwas D/o Ratan Vishwas and W/o Sapan Gupta R/o Mahendra Nagar, Rudpur, Jail Camp No 3, S.A.I Camp. Sitarganj, Udham Singh Nagar, Uttarakhand - 262405, have changed my name to Ravina Gupta

## Name Change

I Priya D/o Late Trilok Singh Karki and W/o Senthil Kumar Sivaprakasam R/o 897, Indira Nagar Colony, Vasant Vihar, Dehradun, Uttarakhand-248001, have changed my name to Priya Senthil

# केदारनाथ और बदरीनाथ में आस्था के उमड़ते सैलाब में नए भारत की तस्वीर झलकती है: योगी

**बदरीनाथ/केदारनाथ/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ में आस्था के उमड़ते सैलाब में पर्यटन-तीर्थाटन सहित नये भारत की तस्वीर साफ झलकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, प्रेरणा, दूरदृष्टि और मार्गदर्शन से नयी केदारपुरी का पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। बाबा केदारनाथ में दर्शन पूजन के बाद योगी आदित्यनाथ जौलीग्रांट एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं।

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बदरीनाथ धाम दर्शन के पश्चात केदारनाथ धाम पहुंचे।

**रवाना**

**8 -योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद जौलीग्रांट से सीधे लखनऊ के लिए रवाना हुए**

केदारनाथ धाम में पूजा-दर्शन के पश्चात योगी आदित्य नाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देवभूमि आकर आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्हें भगवान बदरीविशाल और भगवान केदारनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला।उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव है कि देश के चारों दिशाओं से श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक केदारनाथ और



बदरीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। दोनों धामों में परस्पर सहयोग से पुनर्निर्माण/ मास्टर प्लान कार्य प्रगति पर है। आज नयी आभा से नये भारत की नींव रखी जा रही है। आस्था के संकल्प के साथ लाखों श्रद्धालु धामों में आ रहे हैं।

इसमें राष्ट्रीय एकता और एकात्मकता के दर्शन परिलक्षित हो रहे हैं। केदारनाथ और बदरीनाथ का आशीर्वाद सदा सबके लिए बना रहे।उन्होंने आपदा वर्ष 2013 का जिक्र करते हुए स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से नयी केदारपुरी का पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनकी टीम और बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति, पुरोहितों-तीर्थपुरोहितों के योगदान की सराहना की और सभी को धन्यवाद दिया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान बदरीविशाल के दर्शन के बाद आज रविवार पूर्वाह्न केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। वहां हेलीपेड पर बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उनकी अगुवानी की और पुष्प गुच्छ भेंट किया।

शनिवार 7 अक्टूबर अपराह्न को वह बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। माणा बार्डर घसतोली में सैनिकों से मिले। शायंकाल को प्रस्तावित यूपी भवन की भूमि का निरीक्षण किया, उसके बाद भगवान बदरीविशाल की शयन आरती में शामिल हुए। इस दौरान बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद अंगवस्त्र भेंट किया।

# धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग पर चट्टान के नीचे दबी जीप, नौ के मरने की आशंका

**हादसा**

**8 हादसे में चालक सहित नौ लोगों की दबकर दर्दनाक मौत की आशंका जताई जा रही हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

पिथौरागढ़ के धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग में थक्ती झरने के समीप पहाड़ी से गिरे चट्टान की चपेट में आने से बोलेरो कैंपर दब गया। हादसे में चालक सहित नौ लोगों की दबकर दर्दनाक मौत की आशंका जताई जा रही हैं।

पिथौरागढ़ से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। पिथौरागढ़ के धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग में थक्ती झरने के समीप पहाड़ी से गिरे चट्टान की चपेट में आने से बोलेरो कैंपर दब गया।



हादसे में चालक सहित नौ लोगों की दबकर दर्दनाक मौत की आशंका जताई जा रही हैं। सूचना पाकर पुलिस, एसएसबी, सेना, एसडीआरएफ की टीम मौके पर घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। जिस स्थान पर घटना हुई है वह स्थान मालपा और पेलसिती झरने के बीच में स्थित है।

बताया जा रहा है कि दिन में डेढ़ बजे जब कैंपर वाहन यात्रियों को लेकर धारचूला को लौट रहा था, तभी पहाड़ी से विशालकाय चट्टान जीप के ऊपर गिर गई।

# अब लिपुलेख से ही कैलाश मानसरोवर के दर्शन हो सकेंगे : रावत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पौड़ी से लोकसभा सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैलाश मानसरोवर यात्रा को सरल बनाने के लिए लिपुलेख आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब कैलाश मानसरोवर को भारत से ही देखा जा सकेगा।

हल्द्वानी में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह ने कहा कि कोविड के बाद से कैलाश मानसरोवर यात्रा नहीं हो पा रही थी, लेकिन अब लिपुलेख से ही कैलाश मानसरोवर के दर्शन हो सकेंगे।

# लोकसभा की पांचों सीटें जीतेगी भाजपा, मोदी को दोबारा पीएम बनाने का आह्वान

**सदुपयोग**

**8 अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को प्रचार के तमाम माध्यमों का सदुपयोग करते हुए जरूरी टिप्स दिए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को प्रचार के तमाम माध्यमों का सदुपयोग करते हुए जरूरी टिप्स दिए। सभी पार्टी पदाधिकारियों से राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जनता में प्रभाव को लेकर विस्तृत जानकारी ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे नरेंद्र मोदी को



तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए और अधिक मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में लोकसभा की पांचों सीटें रिकार्ड मतों से जीतेगी। उन्होंने धामी सरकार की पीठ थपथाई। कहा, केंद्र के साथ ही राज्य की धामी सरकार बेहतर कार्य कर रही है। शाह पार्टी मुख्यालय में मीडिया एवं सोशल मीडिया की बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रचार के तमाम माध्यमों का सदुपयोग करते हुए जरूरी टिप्स दिए।

सभी पार्टी पदाधिकारियों से राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जनता में प्रभाव को लेकर विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने सोशल मीडिया एवं अन्य जनसंचार माध्यमों से केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जनता तक इन तमाम योजनाओं को पहुंचाकर, देश में सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल को और अधिक प्रभावी तरीके स्थापित करने पर बल दिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संगठन की अब तक की गतिविधियों का लेखा जोखा रखा।

## सोशल मीडिया पर प्रमुख मुद्दे क्या हैं

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से पूछा कि वे बताएं कि सोशल मीडिया पर प्रमुख मुद्दे क्या हैं? वे इन मुद्दों पर किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विपक्ष के प्रचार-दुष्प्रचार का जवाब देते समय प्रमाणिकता और गरिमा का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की तारीफ की। कहा कि केंद्र की तरह प्रदेश में धामी सरकार बढ़िया काम कर रही है। इसलिए पीएम मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना अधिक से अधिक योगदान दें।

शाह का पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर ढोल दमाऊ से स्वागत हुआ। पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पहुंचकर शाह सीधे बैठक स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने आरएसएस चिंतक व संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के सामने प्रणाम किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईएम काशीपुर ने मन रेनेसां - अनलीशिंग द पावर ऑफ ऑटोमेशन थीम पर एचआर कॉन्क्लेव समन्वय 2023 का किया सफल आयोजन

**देहरादून । भार**तीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम काशीपुर ने आज यहां अपने वार्षिक एचआर कॉन्क्लेव समन्वय 2023 के दौरान मन रेनेसां - अनलीशिंग द पावर ऑफ ऑटोमेशन विषय पर एक विचारोत्तेजक सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। चर्चा का केंद्र ऑटोमेशन रिवोल्यूशनः अनलॉकिंग द एचआर इनसाइट्स रहा।

समन्वय 2023 के चैप्टर 1 में उद्योगो के प्रमुख मानव संसाधन विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गई, जिससे ज्ञान के आदान-प्रदान और नेटवर्किंग के माहौल को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता/ अतिथि हीरो मोटोकॉर्प के विनिर्माण मन रिसोर्स हेड डॉ. प्रद्युम्न पांडे; देबलीना रॉय, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में जनरल मैनेजर- मन रिसोर्स (प्रतिभा, क्षमता और डीएंडआई); राजीव नैथानी, इन्फोगैन के चीफ पीपुल ऑफिसर; और राहुल पखले, जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड के सीनियर मन रिसोर्स मैनेजर रहे। आईआईएम काशीपुर संकाय प्रोफेसर मृदुल माहेश्वरी ने सत्र का संचालन किया।

समन्वय 2023 के नवीन संस्करण में वक्ताओं ने ऑटोमेशन और रोबोटिक्स क्रांति के उभरते आयाम पर चर्चा की। ऐसे समय में जब मानव संसाधन प्रबंधक व्यापक पुनर्प्रशिक्षण और पुनः कौशल कार्यक्रम विकसित करने के लिए कमर कस रहे हैं, यह सक्रिय दृष्टिकोण कर्मचारियो पर प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करता है। मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस विकास में न केवल मानव संसाधन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने बल्कि नियुक्ति संबंधी निर्णय लेने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

समसामयिक मुद्दों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यक्तिगत कौशल के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। इसके अलावा, विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अपस्किलिंग और रीस्किलिंग व्यक्तिगत और संगठनात्मक विकास में सहायक हैं।

### जीते जी श्रद्धा पूर्वक की गई सेवा से ही सार्थक श्राद्धकर्म : भारती

-सद्गुरू प्रदत्त ब्रह्ज्ञान के ध्यानयोग से प्रसन्न हो जाते हैं पित्रगण

देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की शाखा, 70 इंदिरा गांधी मार्ग, (सत्यशील गैस गोदाम के सामने) निरंजनपुर के द्वारा आज आश्रम प्रांगण में दिव्य सत्संग-प्रवचनों एवं मधुर भजन-संर्कीतन के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सद्गुरू श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या तथा देहरादून आश्रम की प्रचारिका साध्वी विदुषी ममता भारती जी ने वर्तमान में चल रहे श्राद्धपक्ष की शास्त्र-सम्मत सटीक व्याख्या करते हुए बताया कि मुगलकालीन बदशाह शाहजहां भी भारतीय संस्कृति में विद्यमान श्राद्धपक्ष की उस समय प्रशंसा करते हुए अपने अत्याचारी शासक पुत्र औरंगजेब से कहते हैं कि तू कैसा अजीब मुसलमान है जो अपने जीवित पिता को कैद कर उसे भोजन-पानी के लिए तरसाता है, धन्य हैं वे हिन्दू जो अपने दिवंगत पूर्वजों तक को भोजन और जल अर्पित किया करते हैं। यह भारतीय संस्कृति की अनुपम विरासत है कि यहां प्रत्येक पर्व-त्यौहार और परम्पराएं अपने भीतर गूढ़ आध्यात्मिक संदेश संजोए हुए होती हैं। पूर्वजों के निमित्त किए जाने वाले श्राद्धकर्म का तात्पर्य श्रद्धा से उन्हें तर्पण देना है, तर्पण अर्थात उन्हें पूर्ण रूप से तृप्त कर देना। अध्यात्मिक जगत बहुत से रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए हुआ करता है। वास्तव में पित्रों की पूर्ण संतुष्टि मात्र कर्म-काण्ड कर अपने दायित्वों की इतिश्री कर लेना ही नहीं है अपितु पूर्वजों के ऋण से उऋण हो जाने के लिए सबसे कारगर और महत्वपूर्ण है कि सदगुरू प्रदत्त ध्यानयोग के द्वारा उनके बचे हुए कर्म संस्कारों को ब्रह्मज्ञान की पावन अग्नि में स्वाहा कर देना। जिस प्रकार पूर्वजों की सम्पत्ति, उनके अधिकार और साथ ही उनकी बीमारियां तक स्वतः ही आश्रित की हो जाती हैं उसी प्रकार उनके कर्म संस्कार रूपी ऋण भी उनके खाते में पहुंच जाया करते हैं। कार्यक्रम में विदुषी अरूणिमा भारती जी ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि वास्तव में मुक्ति की युक्ति तो जीते-जी ही अपनाई जाती है। पूरे गुरू की शरणागति से यह युक्ति मानव मात्र को प्राप्त हो जाती है। सनातन ब्रह्ज्ञान को प्राप्त कर जब एक साधक योग साधना के माध्यम से, पूर्ण गुरू की सेवा करते हुए और सत्संग की सौगात को अंगीकार कर गुरू आज्ञा में आगे बढ़ता है तो गुरू कृपा से उसके जन्म-जन्मांतरों के साथ-साथ संचित और क्रियामान कर्मों का खात्मा होने लगता है, तब वह मुक्ति की मंजिल को प्राप्त कर लिया करता है।

# कांग्रेस ने नई विकलांगता पेंशन को बताया सैनिकों के सम्मान पर चोट, सर्जिकल स्ट्राइक दिया करार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी (सेनि.) ने कहा कि नई पेंशन पॉलिसी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली है। एक नई पेंशन पॉलिसी आई है। इसका नोटिफिकेशन 21 सितंबर को जारी किया गया है।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नई पेंशन पॉलिसी को देश के सैनिकों के साथ विश्वासघात बताया है। विकलांगता पेंशन के नए नियमों को कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी (सेनि.) ने सीमा पर खड़े सैनिकों के मान-सम्मान पर सर्जिकल स्ट्राइक करार दिया है।

कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कर्नल चौधरी ने कहा, मोदी सरकार की नई पेंशन पॉलिसी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली है। एक नई पेंशन पॉलिसी आई है। इसका नोटिफिकेशन 21 सितंबर को जारी किया गया है। इस पॉलिसी को देखकर लगता है कि यह गैरकानूनी है और वेटरन ऑर्गेनाइजेशन इसका पुरजोर विरोध करती हैं।

कहा कि सेना में दिव्यांग पेंशन के दो हिस्से होते थे। एक सर्विस एलीमेंट और दूसरा डिसेबिलिटी एलीमेंट। जो सैनिक सेवा के बाद स्वस्थ वापस आते थे, उन्हें सर्विस एलीमेंट मिलता था। जिन्हें सेवा के दौरान किसी तरह की डिसेबिलिटी हो जाती थी, उन्हें



डिसेबिलिटी एलीमेंट मिलता था। टैक्स छूट भी नहीं मिलेगी इन दोनों को मिलाकर डिसेबिलिटी पेंशन बनती थी। अब इस पॉलिसी के जरिए डिसेबिलिटी एलीमेंट को खत्म कर दिया गया है। इसका नाम बदलकर इम्पेयरमेंट रिलीफ रख दिया गया है। अब ये पेंशन न रहकर एक्सग्रेसिया अमाउंट होगा। यह पूरी तरह से सेना के कामकाज के खिलाफ है।

नई पॉलिसी के तहत इम्पेयरमेंट रिलीफ में इनकम टैक्स छूट भी नहीं मिलेगी। डिसेबिलिटी एलीमेंट खत्म होते ही सैनिक की मौत होने पर दी जाने वाली पारिवारिक पेंशन घट जाएगी। इतना ही नहीं, नई पॉलिसी में कई अन्य विसंगतियां भी हैं।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मोदी सरकार ने एक और आदेश जारी किया है, जो भी सैनिक 14 दिनों से अधिक अवकाश पर जाएगा, वह अपने स्थानीय क्षेत्र में सोशल एक्टिविटी करेगा और उसकी विस्तृत रिपोर्ट अपनी यूनिट को देनी होगी। उन्होंने कहा कि यह आदेश समझ से बाहर है।

# सरकारी नौकरी का सुनहरा मौका, आयोग ने निकाली बंपर भर्ती

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने कृषि, उद्यान और पशुपालन विभाग में 645 पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए शनिवार से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयोग ने आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्तूबर तय की है।भर्ती में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। सहायक कृषि अधिकारी के 354 पद, उद्यान पर्यवेक्षक के 245, उद्यान निरीक्षक के 27, सहायक मशरूम विकास अधिकारी के तीन, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी वर्ग-दो के छह, सहायक पौध सुरक्षा अधिकारी के दो, पशुपालन विभाग में चारा सहायक वर्ग-दो के तीन, चारा सहायक वर्ग-तीन के पांच पद शामिल हैं।

# परिवार के व्यवहार से परेशान थी अंकिता

**जिरह**

**8 पुष्पदीप से बचाव पक्ष ने अंकिता और उसके बीच हुई चैटिंग के विषयों पर सवाल पूछे।**

**कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

अंकिता के परिजनों के अधिवक्ता अजय पंत व नरेंद्र गुसाईं ने बताया कि शनिवार को भी पुष्पदीप से बचाव पक्ष ने अंकिता और उसके बीच हुई चैटिंग के विषयों पर सवाल पूछे। पूरी जिरह अंकिता के माता-पिता के उसके प्रति व्यवहार पर केंद्रित रही।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत में शनिवार को अंकिता हत्याकांड के अहम



गवाह जम्मू निवासी पुष्पदीप से बचाव पक्ष की जिरह पूरी हो गई। पुष्पदीप ने अदालत में बताया कि अंकिता के माता-पिता उसे मारते पीटते थे, इसलिए वह बाहर रहकर नौकरी करना चाहती थी। वह कहती थी कि नौकरी नहीं मिली तो वह कोई गलत कदम उठा सकती है। अब मामले की अगली सुनवाई और गवाही की तिथि 20 अक्तूबर निर्धारित की गई है। अंकिता के परिजनों के अधिवक्ता अजय पंत व नरेंद्र गुसाईं ने बताया कि शनिवार को भी पुष्पदीप से बचाव पक्ष ने अंकिता और उसके बीच हुई चैटिंग के विषयों पर सवाल पूछे। पूरी जिरह अंकिता के माता-पिता के उसके प्रति व्यवहार पर केंद्रित रही। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर ने शनिवार की बहस का ध्यान पुष्पदीप द्वारा विवेचक को 23 नवंबर, 2022 को दिए बयान पर केंद्रित किया।

कोर्ट सूत्रों के अनुसार पुष्पदीप ने चैटिंग के हवाले से बताया कि अंकिता अपने माता पिता के व्यवहार से खुश नहीं थी।

# सीएस ने की मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्य सचिव डॉ. एसएस सन्धू रविवार को बदरीनाथ पहुंचे। उन्होंने बदरीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने भगवान बद्री विशाल की पूजा अर्चना कर लोकमंगल की कामना की। मन्दिर समिति की ओर से मुख्य सचिव को अंगवस्त्र शॉल और तुलसी की माला भेंटकर उनका स्वागत किया।

मुख्य सचिव ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ में सभी बिल्डिंग एक ही



डिजाइन से तैयार करने, बद्रीश झील एवं शेष नेत्र झील का काम अक्तूबर तक, अलकनंदा पर निर्मित तीनों पुलों को दिसम्बर तक तथा आईएसबीटी का काम 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। फुटपाथ और सड़कों में ड्रेन वॉटर की लेबलिंग को ठीक करने और जहां-जहां काम पूरा हो गया वहां की ड्रेसिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्राइवरों के लिए 500 बेड की डोरमेटरी बनाने क भी निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य सचिव ने रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यो सहित अराइवल प्लाजा, आईएसबीटी, हॉस्पिटल, शेष नेत्र और बद्रीश झील सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य सचिव को मास्टर प्लान के तहत चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मास्टर प्लान के विशेष कार्याधिकारी सतीश बहुगुणा, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, गाबर के मालिक रविन्द्र रावत, पीआईयू के अधिक्षण अभियंता विपुल सैनी, मुख्य अभियन्ता राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता राजेश चन्द्रा, गावर कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिवम बंसल, पीएल सोनी, ईओ सुनील पुरोहित आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदरी-केदार धाम में दर्शन कर की विश्व कल्याण की कामना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भगवान बदरीनाथ और बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विश्व में सुख समृद्धि और जन कल्याण की कामना की।

रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बदरीनाथ के ब्रह्मकपाल तीर्थ में पितृ तर्पण कर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किया। मुख्यमंत्री योगी ने प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण बैकुण्ठ धाम की सौन्दर्य एवं मनमोहक प्राकृतिक सुन्दरता की प्रशंसा की। योगी आदित्यनाथ ने नीलकण्ठ पर्वत के भी दर्शन किये। इसके पश्चात वे केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौसर्गिक सुन्दरता से परिपूर्ण देश के प्रथम गांव

**अगुवानी**

**8 -चमोली पुलिस के जवानों ने सलामी देकर किया अभिवादन- बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने योगी की अगुवानी**

माणा के स्थानीय निवासियों की ओर से जिस प्रकार इस आधुनिकता के युग में अपनी पौराणिक संस्कृति, वेशभूषा एवं रीति-रिवाजों को संजो कर रखा गया है, वह अविस्मरणीय एवं सराहनीय है। प्राकृतिक सुंदरता और पौराणिक महत्व के लिए प्रसिद्ध बद्रीनाथ के दर्शन कर मन प्रसन्न और जीवन धन्य हो गया है। योगी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस



अधीक्षक चमोली रेखा यादव, पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक अमित सैनी और पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह सहित जनपद के आला अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी इसके पश्चात केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। उन्होंने बाबा केदारनाथ में भी विशेष पूजा अर्चना कर विश्व में सुख समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह/ सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद भी साथ रहे।

केदारनाथ हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा,केदारनाथ उत्थान चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सचिव/बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह समेत अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत और अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकताओं और प्रशंसकों से भेंट किया।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल हुए। तय कार्यक्रम के अनुसार योगी आदित्यनाथ को शनिवार को केदारनाथ जाना था, लेकिन खराब मौसम के चलते केदारनाथ धाम के लिए उनका हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सका। फिर वह सीधे बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हो गए थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बदरीनाथ धाम पहुंच कर भारत- तिब्बत सीमा माणा पास बार्डर घसतोली में सेना के जवानों के बीच गये। तत्पश्चात आर्मी हेलीपैड पर देश के प्रथम गांव माणा के स्थानीय निवासियों ने पारम्परिक परिधानों में उनका तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात आईटीबीपी, सेना, प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों और जवानों के साथ फोटो ली। मुख्यमंत्री आर्मी हेलीपैड माणा में सेरिमोनियल ड्रेस में सजे चमोली पुलिस के जवानों की सलामी गार्द का मान प्रणाम ग्रहण किया गया।देर शाम भगवान बदरीविशाल की शयन आरती में शामिल हुए और बदरीनाथ धाम में प्रवास किया।

## संपादकीय

# लड़कियों के लिए असमान अवसर

**प्रत्येक वर्ष** 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस( इंटरनेशनल डे आफ द गर्ल चाइल्ड) के रूप में मनाया जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बालिकाएं किसी भी समाज के कल्याण, विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। मिशेल ओबामा ने कहा है कि 'जब लड़कियाँ शिक्षित होती हैं, तो उनका देश अधिक मजबूत और समृद्ध होता है।' वास्तव में यह लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। साल 2011 में 19 दिसंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। आज के इस समय में महिलाओं के, लड़कियों के सशक्तिकरण के बावजूद उनसे जुड़े बहुत से मुद्दे हैं,जिन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। आज भी हमें यौन अपराध, महिलाओं, बच्चियों के खिलाफ हिंसा, अत्याचार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं, यह दिन इन सभी मुद्दों पर ध्यान देने का दिन है, क्यों कि महिलाओं के विकास बिना कोई भी समाज कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि एनसीआरबी यानी कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार सिक्किम में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की दर सबसे अधिक है, इसके बाद केरल, मेघालय, हरियाणा और मिजोरम का स्थान है।पश्चिम बंगाल और ओडिशा शीर्ष पाँच राज्यों (महाराष्ट्र, एमपी और यूपी के साथ) में शामिल हैं, जो देश भर में बच्चों के खिलाफ किये गए कुल अपराधों का 47.1% है।वर्ष 2021 में अकेले पश्चिम बंगाल में बच्चों के खिलाफ अपराध के 9,523 मामले दर्ज किये गए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण, गंभीर व संवेदनशील है कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या की दर विश्व भर में कन्या भ्रूण हत्या की उच्चतम दरों में से एक है। वर्ष 2011 की जनगणना में 0-6 वर्ष की आयु वर्ग में सबसे कम लिंगानुपात (914) दर्ज किया गया है, जिसमें 3 मिलियन लापता लड़कियाँ शामिल थीं। इनकी संख्या वर्ष 2001 के 78.8 मिलियन की तुलना में वर्ष 2011 में 75.8 मिलियन हो गई।एक अन्य आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वर्ष भारत में कम-से-कम 15 लाख लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है, जिसके चलते भारत में बाल वधुओं की संख्या विश्वभर में सबसे अधिक (वैश्विक रूप से कुल संख्या का एक-तिहाई) है। आज भी हमारे समाज में महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं करने दी जाती है, पुरूष मानसिकता के कारण भेदभाव की शिकार होती हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के लिए असमान अवसर हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि आज के इस आधुनिक युग में भी कहीं न कहीं भारत में लड़कियों को अपने घरों के अंदर और बाहर अपने समाज में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप और स्तर पर अनेक प्रकार से भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह भी गंभीर है कि भारत में पाँच साल से कम उम्र की लड़कियों की मृत्यु दर लड़कों की तुलना में 8.3 फीसदी अधिक है। विश्व स्तर पर यह लड़कों के लिये 14% अधिक है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई काम नहीं किए जा रहे हैं।

# हम इतने व्यस्त हैं कि हमारे पास समय ही नहीं




**डॉ. प्रितम भीमराव**

> "लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं"

**आजकल** हम अक्सर सुनते हैं कि "हम बहुत व्यस्त रहते है, हमारे पास समय कहा", ऐसा कथन लोगों के जुबान पर बना रहता है और सोशल मीडिया पर कीमती समय बर्बाद करके खूब ओतप्रोत स्नेह दशार्ते है, परन्तु प्रत्यक्ष मिलने के लिए समय नहीं होता। आधुनिकता और दिखावे के चक्कर में हम अपनी संस्कृति, परंपरा, घर-परिवार, रिश्ते-नातों, अपनों से काफी दूर निकल गए है। बाहरी सुख के मृगतृष्णा में हम अपनी आत्मीय खुशियों की होली खुद ही जला आये है। सुंदर, सरल और संतुष्ट जीवन की ओर देखने का नजरिया अब बिल्कुल बदल गया है। लोग धन देखकर अब आदरभाव दिखाते हैं। लोगों की खुशी में खुश होने वाले लोग अब ईर्ष्या से जलने लगे है और कभी मासूम-सी मुस्कान रहने वाले चेहरों पर झूठी हंसी रहने लगी है। सच और अच्छाई की जगह अब झूठ और बुराई तुरंत वायरल होते हैं और ऐसे ही अफवाहों का बाजार निरंतर गर्म रहता है। मनोरंजन की दुनिया में अश्लीलता को सभ्यता का आचरण मानकर प्रोत्साहन दिया जा रहा और दूसरी तरफ सदाचार, ज्ञान को उबाऊ मानकर अवहेलना की जा रही है। गांवों से ज्यादा साधन सुविधा सम्पन्न शहरी लोग होकर भी ज्यादा बीमारियां लेकर घूमते हैं। शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं इसीलिए स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है।

विश्वभर में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 10 अक्टूबर को "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" मनाया जाता है। वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष 2023 की थीम "मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार" यह है। मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी मानव अधिकार अंतर्गत हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का अधिकार है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता, अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का पूर्ण अधिकार, स्वतंत्रता और समाज में शामिल होने का अधिकार है। वैश्विक स्तर पर आठ में से



एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ जी रहा है, किशोरों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से प्रभावित कर रही हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहे है। कई लोगों को घर-परिवार, सामाजिक जीवन से बाहर कर दिया जाता है, भेदभाव किया जाता है, कई मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल से वंचित रहते है, यह उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

डब्ल्यूएचओ कहता है कि मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए, प्रोत्साहित किया जाए, संरक्षित किया जाए, तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि हर कोई अपने मानवाधिकारों का उपयोग कर सके और उन्हें आवश्यक गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं। कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख आबादी पर एक से भी कम मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी हैं, जबकि उच्च आय वाले देशों में 60 से अधिक हैं। अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। कोरोना महामारी के पहले वर्ष में दुनिया भर में चिंता और उदासी की व्यापकता में 25% की वृद्धि हुई थी। भारत को "सबसे अवसादग्रस्त देशों में से एक" कहा गया है, देश में आत्महत्या की ग्रोथ भी अधिक है। साल 2022 में कुल वित्तीय स्वास्थ्य बजट में से केवल 0.8% मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था। हमारा रहन-सहन, यांत्रिक संसाधन, प्रदूषण, व्यवहार, स्वार्थ और असंतुलित दिनचर्या ने हमें बीमार बनाया है। भौतिक सुख कभी आत्मीय सुख की जगह नहीं ले सकते फिर भी हम उसी के पीछे भाग रहे हैं और सुख चैन गवां रहे है। दुनिया में ऐसे कई अमीर लोग हैं जो अपना वैभव छोड़कर प्रकृति के सानिध्य में सादा जीवन जीते हैं क्योंकि इससे उन्हें मानसिक शांति मिलती है। आज के समय में मानसिक विकारों को बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हम खुद हैं, क्योंकि हमने खुद को नकारात्मक विचारों से घेर लिया है। दिन-रात बुरे विचार, गलत खान-पान, दूसरों पर ज्यादा भरोसा, दूरदृष्टि की कमी, दिखावा, गलत लोगो की संगत, सहनशीलता, मेहनत व जागरूकता की कमी ने हमारी सोच को खराब कर दिया है।

लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य विकार बढ़ाता है।

लोग इतना व्यस्त दिखते हैं कि एक ही बस्ती में रहकर भी सालों तक पुराने परिचितों, दोस्तों से मिल नहीं पाते हैं। लोगों की बड़ी-बड़ी बातें दिलों के बीच दूरी बढ़ाते हैं। अहंकार, द्वेष ने लोगों को व्यस्त किया हैं वर्ना समय सबके पास होता हैं, बस आपकी इच्छाशक्ति प्रबल होनी चाहिए। बिना किसी काम के निस्वार्थ भाव से किसी के लिए समय निकालकर उनसे मिलने जाना अब दुर्लभ होते जा रहा हैं। रक्तदान, अन्नदान की तरह आज के समय में वक्तदान भी बहुत महत्वपूर्ण दान बन गया हैं, औरों के लिए समय निकालना सबको सीखना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को निरोगी बनाए रखना बहुत आसान है, केवल हमें अपने व्यस्त जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करना है। रोज खुद के लिए भी समय निकालना सीखें, सकारात्मक विचारों वाले लोगों से जुड़े, नशा और झूठे दिखावे से बचें, पोषक आहार लें, रोजाना व्यायाम और पूरी नींद जरूरी है। झगड़ालू और रोने-धोने वाले सीरियल मस्तिष्क को पीड़ा देते है, ऐसे सीरियल ना देखें। बच्चों को संस्कारशील और सुजान नागरिक बनाने की जिम्मेदारी अभिभावक की है, अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। बड़े-बुजुर्गों का आदर करें, हेल्दी दिनचर्या बनायें। हमारी वजह से किसी को भी हानि न हो, ईमानदारी से नियमों का पालन करें। जितना संभव हो, परोपकारिता के साथ जिएं। प्रकृति और पशु-पक्षी से प्रेम करें। अगर हम में कोई अच्छी हॉबी या अच्छी आदत हो तो उसे कभी भी छूटने ना दें। अपनों से मिले, हंसते-मुस्कुराते रहें, जिंदगी खुलकर जियें। हमारी छोटी सी जिंदगी है, समाधानी बनकर तनाव मुक्त जीवन जिएं।

## कविता

'किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि

किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि-  
कुछ परिंदे उड़ना ही भूल गए।

कुछ बंद कर दिए गए दायरे में,  
जैसे पंख फड़फड़ा कर रह गए।

कितनों को मिल रही शय इतनी ,  
आसमान को अपना ही मान गए।

कुछ हर शाख पर फिरते इतराते,  
पेट खूबभर टूलम-टूल ही हो गए।

किन्हीं पर कृपा वनमाली की क्या?  
चुरा- चुरा फल कहीं दूर उड़ गए।

क्या मुँह दिखाने लायक रहेगा वनमाली?  
मालिक गर हिसाब मांगने पर अड़ गए।

डा. जय किशन

# कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार

**आम** आदमी पार्टी के तीनों वरिष्ठ नेता जेल में हैं। सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया हुआ है। चार अक्टूबर को करीब दस घंटे की लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था । इससे पहले 'अमर्यादित व्यवहार' के आरोप में उनके साथ-साथ राघव चड्ढा को भी राज्यसभा से निलंबित किया गया था। शराब घोटाले में गिरफ्तार संजय सिंह के तीन करीबी लोगों से पूछताछ शुरू हो गई है। सर्वेश मिश्रा सेईडीपूछताछ कर रही है।ईडीका दावा है कि संजय सिंह सर्वेश मिश्रा, विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह के जरिए ही अपने काम करवाते थे। शराब घोटाले में सरकारी गवाह बन चुके दिनेश अरोड़ा ने बताया था कि संजय सिंह को दो करोड़ रूपए दो किश्तों में सर्वेश मिश्रा के जरिए दिए गए थे। इसलिए ईडीने सर्वेश मिश्रा को पूछताछ के लिए बुला लिया और करीब दस घंटे तक लगातार पूछताछ चली। सर्वेश के अलावाईडीने संजय सिंह के दो और सहयोगियों विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह को भी पूछताछ का समन जारी कर दिया है। हालांकि संजय सिंह के सहयोगियों से पहले भी पूछताछ हो चुकी है और इसका जिक्रईडीने संजय सिंह के रिमांड पेपर्स में किया है। चूंकिईडी का दावा है कि सर्वेश के जरिए ही दो करोड़ रूपए की डिलवरी की गई, इसलिए सर्वेश से पूछताछ के बाद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जैसे जैसे संजय सिंह पर शिकंजा कस रहा है, वैसे वैसे इसका राजनीतिक असर भी दिखने लगा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी के मुद्दे पर इंडिया एलायन्स में फूट दिखाई दे रही है। अगला नंबर किस नेता का होगा? इसे लेकर पुख्ता तौर पर तो कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन जानकारों का मानना है कि संकट के बादल इतनी जल्दी छंटने वाले नहीं हैं। जिन राज्यों मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और यहाँ हमेशा कांग्रेस व भाजपा के बीच वन टू वन मुकाबला होता आया है पर इस बार आप पार्टी ने इन तीनों राज्यों की सभी सीटों से अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा करदी है । कांग्रेस व आप पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है सो कांग्रेस को यह बात नागवार गुजर रही है । वैसे आप पार्टी और कांग्रेस के बीच पंजाब व दिल्ली को लेकर पहले से विवाद शुरू है और ऐसा लगता है कि अभी यह गठबंधन टूटने की कगार पर है पर किसी प्रकार गाड़ी आगे चल निकलती है । दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार को समझने के लिए इसकी पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। अगर सिर्फ चुनाव नतीजों के लिहाज से देखा जाए तो दोनों राज्यों में केजरीवाल की पार्टी का वर्चस्व है। केजरीवाल ने जिस अंदाज में दिल्ली और पंजाब के विधानसभा चुनाव को जीते हैं, उसे आधार बनाया जाए तो कांग्रेस का इन दोनों राज्यों में लोकसभा की सीटों पर कोई क्लेम नहीं बनता।

## विचार

# नदी घाटी सभ्यता नहीं ,नदी संस्कृति पर बातें हों

**डॉ. रामानुज पाठक सतना (म. प्र.)**

**नदी भूतल पर** प्रवाहित एक जलधारा है, जिसका स्त्रोत प्रायः कोई झील, हिमनद, झरना या बारिश का पानी होता है तथा किसी सागर अथवा झील में गिरती है।"नदी" शब्द संस्कृत के नद्यः से आया है। संस्कृत में ही इसे सरिता भी कहते हैं। नदी दो प्रकार की होती है- सदानीरा या बरसाती। सदानीरा नदियों का स्त्रोत झील, झरना अथवा हिमनद होता है और वर्ष भर जलपूर्ण रहती हैं, जबकि बरसाती नदियाँ बरसात के पानी पर निर्भर करती हैं।सरिता,तटिनी,तरंगिणी, निर्झरिनी आपगा,निम्नगा, कूलंकषा, वाहिनी, अपगा, शैवालिनी, शैलजा, सिंधुगामिनी,स्त्रोतस्विनी, जलमाल, नद, प्रवाहिनी ,पयस्विनी, तरनी, तटिया, कल्लोलिनी,लहरी, सरी तरंगवती, तरंगिनी ,द्वीपवती, लरमाला निर्झरणी अर्थात नदी के तकरीबन 25से अधिक पर्यायवाची शब्द हैं।नदी के साथ मनुष्य का गहरा सम्बंध है। नदियों से केवल फसल ही नहीं उपजाई जाती है बल्कि वे सभ्यता को जन्म देती हैं अपितु संस्कृति को भी पोषण देती हैं,उसका लालन-पालन भी करती हैं। नदियां सब एक जैसी होती हैं,प्रत्येक नदी के रहने वाला समाज अलग होता है जिस समय हम गंगा के किनारे चलते हैं तो हमें पवित्रता, श्रद्धा का ध्यान रहता है। प्रत्येक नदी के किनारे की सभ्यता अलग-अलग होती है नदियों ने "संस्कृति "बनाई है। व्यक्ति का मन और भाव बनाती हैं नदियां,इसलिए मनुष्य हमेशा नदी को देवी के रूप में देखता आया है।

हमारे अतीत में ऋषि, मुनियों ने इन नदियों के किनारे ज्ञान को प्राप्त किया। बड़े-बड़े वैज्ञानिक अनुसंधान जो हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने किया शायद नदियों के किनारे ही तप कर के किए हैं।अभी भी बड़े बड़े विकसित महानगर नदियों के किनारे बसे हैं। मानव सभ्यता और संस्कृति नदियों के किनारे ही फली फूली है। दुर्भाग्य से हमें इतिहास की पाठ पुस्तकों में "नदी घाटी सभ्यताओं" के विषय में तो जानकारियां दी गई लेकिन "नदी संस्कृति" के विषय में जानकारी नहीं दी गई। सभ्यता जहां भौतिक होती है "संस्कृति" वही "आंतरिक" होती है। नदी भुक्ति मुक्ति, दाता है ,नदियों में प्रवाह है, नदियों में जीवन की दृष्टि है और यदि यह नदियां सूख जाएगी तो हमारा संकल्प सूख जाएगा,जीवन सूख जाएगा। नदी नहीं तो मठ नहीं, नदी नहीं तो मंदिर नहीं, नदी नहीं तो जीवन नहीं ,नदी नहीं तो श्रृष्टि नहीं।आधुनिक भारत के नामकरण में नदी शब्द का योगदान है। सरस्वती नदी के किनारे ही भरत जन रहते थे, नदी के किनारे साहित्य लिखा गया। प्रश्न यह विचारणीय हो जाता है की नदी के किनारे ही साहित्य क्यों लिखा गया ?और क्या लिखा गया? हमारे धर्म ग्रंथो में तो "विश्वामित्र नदी संवाद" तक का वर्णन किया गया है। नदी को "जीवन दायिनी" के साथ-साथ एक "सजीव" का रूप दिया गया है ,नदियों के साथ सृष्टि के बीच एकात्मक सूत्र है ,इस सृष्टि के साथ मानवेतर रिश्ते हैं।नदियां अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ करती हैं मार्ग की बाधाओं को पार करने के लिए कई बार अपना रुख बदलती हैं लेकिन प्रवाह सदैव बनाए रखती हैं ,आत्म संयम का महत्व बताती है नदी। नदी से आध्यात्मिकता, पवित्रता का जन्म होता है। मलिनता को त्याग कर पवित्रता कोअंगीकार करने में नदियां सहायक है। हम उन्हें किन्हीं भाव से स्पर्श करें हमारी नदियां अपना स्नेह ही प्रदान करती हैं।

नीर,नदी,नारी का भारतीय संस्कृति में अद्भुत स्थान है। ब्रह्मपुत्र के सप्त सिंधु तक भारत की एक खास संस्कृति है। नर्मदा का उत्तर तीर्थ गोदावरी के दक्षिण भाग, भारतीय संस्कृति का अपना अलग ही परिचय कराती हैं।अपने देश की संस्कृति तो "नदी संस्कृति "की ही है।वैदिक एवं उत्तर वैदिक काल में नदी संस्कृति ही है। जीवन दायिनी, जलधारिनी ,जलवाहिनी नदी बहती है और जीवन देती है सृजन का सरोकार उत्पादकता और वृद्धि से ही है।नदियां मानव सभ्यताओं और बस्तियों को जन्म देती हैं। पहले नदियों से ही यात्रा होती थी।नदियों के सानिध्य में प्रवास की परंपरा पुरानी है भारतीय शपथ भी लेते थे तो नदी के किनारे, नदी के सामने लेते थे। नदियां अनुशासन सिखाती हैं। नदी बनी तो "अधिष्ठान" की जरूरत पड़ी "तपोवन" की जरूरत पड़ी इसीलिए विख्यात और विशिष्ट शोध नदियों के किनारे ही हुए हैं। नदियों के किनारे उत्सवों का आयोजन होता रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)**

**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मेहनत से नए विकल्प की खोज

चीन में चल रहे एशियाई ओलंपिक में भारत ने जहां 100 पदको से ज्यादा पदक जीत लिए हैं और यह साबित कर दिया है की मेहनत, लगन, संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है भारत वासियों और सभी खिलाड़ियों को इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के लिए अनंत बधाइयां शुभकामनाएं। जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य सफलता का एक पहलू है ' सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं'

इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं।

# मेनिफेस्टो वाला घोल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**बड़ी ग**जब स्थिति थी। ऊपरवाले का नाम लिया और नाक बंद कर के झट से एक घूँट गले के नीचे ढकेल दिया। लेकिन यह क्या... जैसे ही मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा अजीबोगरीब हलचल होने लगी। पेट ऐंठने लगा। मैंने ताऊ से कहा झ पेट गड़बड़ा रहा है। उन्होंने कहा झ अरे छुटके! यह तो पिछले साल वाला मेनिफेस्टो वाला घोल था। इसी को झेल नहीं पाए तो इस बार के मेनिफेस्टो वाले घोल को खाक झेल पाओगे। जितने दल उतने मेनिफेस्टो घोल होंगे। आज एक भी मेनिफेस्टो ऐसा नहीं जिसे तुम हजम कर सको। राजस्थान को ले लो, तेलंगाना को ले लो या फिर मध्य प्रदेश को ले लो, चाहे जिसे ले लो तुम्हारे पेट में गड़गड़ाहट होना तय है।

हमारा देश गड़गड़ाहट पहले पैदा करता है भारत बाद में कहलाता है। छुटके से रहा नहीं गया। उसने ताऊ से गिड़गिड़ाते हुए एक लोटा पानी माँगा। ताऊ समझ गए कि छुटका एक लोटा पानी पीकर देश की गड़गड़ाहट से छुटकारा पाना चाहता है। । उनके बाल धूप में थोड़े न पके थे, सो उन्होंने अपना अनुभव दिखाया। एक लोटे में पंद्रह लाख जुमले वाला पानी भर लाए और छुटके को थमा दिया। छुटके ने पूछा झ कहाँ का पानी है? ताऊ बोले झ यह ऊँचे-ऊँचे जुमलों का मनलुभावन जल है। मेरी आदत है कि मुझे जो कोई जुमला अच्छा लगता है उसे भर-भरकर ले आता हूँ। अगर तुम्हें गरम पानी चाहिए तो बताओ मणिपुर कांड का पानी भी दो बोतल भरकर लाया हूँ।

छुटके ने कहा झ नहीं, नहीं! मुझे गरम पानी नहीं चाहिए। जुमले वाला पानी ही ठीक है। जुमले वाला पानी पीने के बाद छुटका ताऊ को मंद-मंद मुस्कान के साथ देखने लगा। ताऊ ने कहा झ अब बताओ कैसा लग रहा है? कुछ राहत मिली। या फिर दो करोड़ नौकरी वाला ठंडा-ठंडा कूल-कूल पानी पिलाऊँ। छुटके ने कहा झ अरे ताऊ! जब से यह जुमले वाला पानी पिया है, मेरे भीतर की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुझसे रहा नहीं जाता। लगता है हँस-हँस के मैं कहीं पागल न बन जाऊँ। ताऊ के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बोले झ यही तो। अब समझ में आया तुम्हें मेनिफेस्टो घोल क्या होता है?

# विधायक सुरेंद्र पंवार के जन्मदिवस पर निवास स्थान पर पहुंचकर शहरवासियों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार के जन्मदिवस पर उनके निवास स्थान सेक्टर-15 पर सुबह से लेकर शाम तक जन्मदिवस की बधाई देने पहुंचे शहरवासियों का हूजुम उमड़ा रहा। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों,पार्षदगण व शहरवासियों ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहरवासियों के अपार स्नेह व आशीर्वाद के लिए उनका तहेदिल से धन्यावाद किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहरवासियों के आशीर्वाद से विधायक बनकर निरंतर समाज सेवा के कार्य में जुटे रहते है।



उनके जीवन का मुख्य ध्येय समाज सेवा है। जब भी उन्हें समाज सेवा का अवसर मिलता है उसे पूर्ण निष्ठा के साथ करते है। उन्होंने कहा कि आज सोनीपत विधानसभा के विकास कार्य को गति देने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष कर रहे है। शहवासियों की प्रत्येक मांग को अपनी बुलंद आवाज के जरिये पूर्ण करवाने की भसरक कोशिश करते है। उन्होंने कहा कि चाहे 25 करोड़ के विकास कार्य और या फिर 5 करोड़ के विकास कार्य हो, सभी विकास कार्यों को बड़ी गंभीरता के साथ पूर्ण करवाने का प्रयत्न किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम के माध्यम से शहर की प्रत्येक कालोनियों के विकास कार्य को पूरा करनवाने के लिए भी लगातार प्रयत्नशील है। शहर की खस्ता हालत में हुई सड़कों की कायकल्प करने का कार्य शुरू कर दिया गया है, सभी खस्ता हालत सड़को नये सिरे से बनवाया जाएगा। इसके साथ ही जिला सोनीपत कार डीलर एसोसिएशन, वार्ड-5 से प्रत्याशी दलेल सिंह के कार्यालय मुरथल रोड़, आदर्श नगर में वार्ड-3 से प्रत्याशी हरेंद्र राठी, क्राइम कंट्रोल संगठन द्वारा गोल्ड पेटल स्कूल देवडू रोड़, गढी घसीटा सहित अन्य स्थानों पर विधायक सुरेंद्र पंवार का जन्मदिवस मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सभी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देने पर धन्यवाद किया। इस दौरान बड़ी तादाद में शहरवासी मौजूद रहे।

**विधायक सुरेंद्र पंवार के जन्मदिवस पर दो दर्जन से अधिक बीजेपी व जेजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल** : विधायक सुरेंद्र पंवार के जन्मदिवस पर उनके निवास स्थान सेक्टर-15 पर दो दर्जन से अधिक बीजेपी व जेजेपी के कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम। सभी कार्यकताओं को विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने शहीदों की वीरांगनाओं व उनके बच्चों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर ने वायु सेना दिवस केडी नगर में स्थित संगठन के कार्यालय में मनाया । कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व संगठन के पदाधिकारी ने अक्समात घटना से शहिद हुए सैनिकों की आत्मा की शान्ति मे लिए मौन धारण किया गया । इसराना ब्लाक से राष्ट्रीय महासचिव डॉ एस सहरावत, समालखा ब्लाक के प्रधान लेफ्टिनेंट नाहर सिंह, सोनीपत जिले के प्रधान कैप्टन अहलावत, महासचिव ओमपाल सिंह लोगों ने भाग लिया । विजय पाल त्यागी ने सभा को बताया कि स्वदेश में बने तेजस फाइटर दुश्मन से लोहा लेने में सक्षम है। आज हमारी वायु सेना पहले से ज्यादा ताकतवर हुई है । नाहर सिंह ने



बताया कि केवल 25 प्रतिशत अग्निवीर सेवा के लिए काफी नहीं है। सेना को काफी कौशल जवानों की जरूरत है ।

संगठन के पदाधिकारी ने सरकार से मांग की की पूर्व सैनिकों के लिए हरियाणा रोडवेज में निशुल्क सुविधा दी जाए । कार्यक्रम के बाद में संगठन के मार्गदर्शक नवीन प्रताप त्यागी द्वारा वायु सेना व उनकी वीरांगना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । संगठन के प्रधान नायक सूबेदार ओमप्रकाश ने कार्यक्रम में आए हुए सभी संगठन के सदस्यों पदाधिकारी व अन्य का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस मौके पर रतन सिंह, प्रवेश राणा, राजपाल, प्रकाश आनंद, ईश्वर सिंह, कैप्टन सुखबीर, आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### सैनी आश्रम रजिस्टर्ड के 15 सालों बाद हुए चुनाव में कांग्रेस बीसी सेल के ओपी सैनी बने प्रधान

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा



**नारनौल।** नारनौल के मोहल्ला पीरागा में स्थित सैनी आश्रम रजिस्टर्ड के आज रविवार को संपन्न हुए चुनाव में दिल्ली पुलिस से रिटायर्ड थानेदार एवं कांग्रेस बी सेल की प्रदेश सचिव श्रुति चौधरी के समर्थक ओपी सैनी ने जीत हासिल की है। ओपी सैनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सूबे सिंह को 52 वोटो से करारी शिकस्त दी। कुल 342 वोटो में से 328 वोट पोल हुए, जिनमें ओपी सैनी को 168, सूबे सिंह को 116 तथा डॉक्टर हरिराम को 41 वोट मिले जबकि 3 वोट रद्द घोषित किए गए। 15 सालों से इस सैनी आश्रम के चुनाव न करवाने तथा 15 सालों का हिसाब किताब न देने के चलते मोहल्ले के लोगों को विरोध के बाद जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में एक शिकायत की गई । इसके बाद जिला रजिस्ट्रार ऑफिस द्वारा नियुक्त एडोक कमेटी द्वारा चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। चुनाव में मुख्य मुद्दा 15 सालों से हिसाब किताब न देना रहा। जिसके चलते इस आश्रम पर काबिज रहने वाले गुट के द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवार को करारी हार का सामना करना पड़ा।

### कुपोषण को समाप्त करना और स्कूली बच्चों की शून्य ड्रॉपआउट हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए: शाह

**अंबाला:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शनिवार को उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाह ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि कुपोषण को समाप्त करना और स्कूली बच्चों की शून्य ड्रॉपआउट हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान मध्य क्षेत्रीय परिषद ने चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, जी20 सम्मेलन के सफल आयोजन और संसद द्वारा ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का भी स्वागत किया। लंबे समय से सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले दिग्गज नेता शाह ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है। यह देखा गया है कि अमित शाह ने हमेशा समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। यही वजह है कि अमृतकाल में शाह की नीतियों के तहत मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने मोदी जी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारने का अभूतपूर्व काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पथ-प्रदर्शन में आज क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफॉर्म के रूप में कारगर साबित हुई है। पूरा देश जानता है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं।

# 'पेड़ पौधों का विशेष ध्यान रखें जिससे कि पर्यावरण स्वच्छ बना रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत** दिलबाग सिंह स्टेट अवार्डी ने स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के विधार्थियों के साथ मिलकर पार्क के पौधों को पानी दिया जिससे कि पेड़ पौधों में वृद्धि हो



सके और पार्क की सुंदरता बढ़ सके प्राध्यापक व विद्यार्थियों ने लगभग 50-60 पौधों को पानी दिया यह सभी विद्यार्थी रविवार को सुबह-सुबह पार्क की सफाई भी करते हैं पौधों की नलाई-गुड़ाई भी करते है। दिलबाग सिंह विद्यार्थियों के साथ मिलकर हमेशा नेक कार्य बढ़कर करते रहते हैं जिससे कि समाज में प्रेरणा जाए कि समाज के व्यक्ति भी इस प्रकार के कार्य करने में सहयोग करें। इस प्रकार के कार्य में गीता हिंदी अध्यापिका भी बहुत सहयोग करती है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम सभी मूक प्राणियों व पेड़ पौधों का विशेष ध्यान रखें जिससे कि पर्यावरण स्वच्छ बना रहे।

# कष्ट निवारण समिति के नए सदस्यों ने विधायक बड़ौली से मुलकात कर किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** हरियाणा सरकार ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के नए सदस्यों को मनोनित किया है। रविवार को समिति के मनोनित सदस्यों ने राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी मनोनित सदस्यों ने विधायक का आभार जताते हुए उनका व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। विधायक बड़ौली ने सभी मनोनित सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से समाज के हर गरीब व्यक्ति का विकास कर रही है। सरकार की इसी सोच पर आगे बढ़ते हुए आप सभी में लोगों की समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करें और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का फायदा उठा सके।



सरकार द्वारा जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति के लिए अशोक कुमार कौशिक, गौरव चौहान, राजेश कुमार, ओमवीर, अनुज छाबड़ा, सुमित गहलावत, योगेश जठेड़ी, जसबीर दोदवा, दिनेश स्वामी, शकील खान, कुलदीप कौशिक, महेन्द्र सिंह, सुधीर मलिक, मुकेश, जय प्रकाश शर्मा, शिव कुमार, नरेश वर्मा, मुकेश बत्रा, जयदेव देशवाल, ओमबीर वत्स, अमित सैनी, रीना शर्मा, विरेन्द्र, देवराज, सुरेन्द्र आर्य, इंदू वलेचा, संदीप जांगड़ा, संजय गौतम उर्फ राजेश कुमार, सुरेन्द्र पुनिया, रामेश्वर, राज सिंह, निगम पार्षत पुनीत राई, सुमित सैनी, कन्हैया तिवारी, अरूण बड़ोक, डॉ० ओमप्रकाश आर्य, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पूर्व वाईस चेयरमैन ललित बत्रा, मनोज जैन, रविन्द्र दिलावर, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, देवेन्द्र कौशिक, विकास मंगला, रामकिशन सरोहा, आजाद सिंह नेहरा, मोहम्मद इरसद, अनिल आंतिल, कुलदीप काकराण, गुलशन राय ठेकेदार, योगेश शर्मा, मनीन्द्र सिंह सन्नी, विद्याभूषण, निशांत सिंह छोक्कर, प्रिंस धवन, योगेश कौशिक, आनंद सिंह हुड्डा, हुकुम सिंह लठवाल, सुनील वत्स, रमेश कश्यप, डॉ० योगेश कुमार, विरेन्द्र बनवाला, भानू प्रकाश, गुलशन विरमानी, अनिल खटिक, प्रमवीर सैनी, बलजीत सिंह मलिक, नंदकिशोर चौहान, सुनील चौहान, पूर्व वाईस चेयरपर्सन कविता चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मबीर नांदल, अशोक कौशिक, मुकेश मलिक, राजेश शर्मा, मुन्नी ताजपुर तथा दीपक मलिकपुर को नए सदस्य के रूप में मनोनित किया है।

# संत महात्मा चलते फिरते तीर्थ है: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि संत महात्मा चलते फिरते तीर्थ है और धार्मिक सामाजिक आयोजनों में भाग लेने से कल्याण के द्वारा खुल जाते हैं। इसी तरह समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर पूजा है। राजीव जैन रविवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर सिक्का कॉलोनी के वार्षिकोत्सव, बालाजी सेवा समिति हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा, महावीर कॉलोनी में राधा संकीर्तन, गुरुद्वारा सुजान सिंह पार्क में ज्योति दिवस, मंगलम सारथी फाउंडेशन के स्थापना दिवस, माँ भारती रक्तवाहिनी, एवं क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा रक्त दान शिविर तथा जैन स्थानक में ध्यान शिविर आदि कार्यक्रमों में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतों के आशीर्वाद से हमारे समाज का भाईचारा, प्यार, प्रेम एवं सौहार्द कायम है।

# मैत्री कल्याण मंच के सौजन्य से व कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से शुरू हुई लैब

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।** रविवार को श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-4 में मैत्री कल्याण मंच के सौजन्य व कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जाने वाली धर्मार्थ प्रयोगशाला (लैब) का उद्घाटन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मंदिर में माथा टेककर सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने विभिन्न बीमारियों की



जांच कराई। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी बीमारी का पता लगाने के लिए रक्त की जांच बहुत जरूरी है। हमारे शरीर के संचालन में रक्त की अहम भूमिका होती है। शरीर के किसी भी एक हिस्से में अगर रक्त का संचार ना हो तो हमारा शरीर काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। हार्ट अटैक, ब्रेन हैम्ब्रेज जैसी समस्या

**रक्त की जांच**

**8 जो रक्त की जांच प्राइवेट लैब्स में महंगे दामों में होती हैं, वे यहां सेवा कार्य की तरह नाम मात्र दरों पर की जाएंगी**

पैदा हो जाती है। इसलिए अपने शरीर में हमें रक्त की कमी नहीं होने देनी चाहिए। रक्त की पूर्ति के लिए हमें अपना खान-पान सही रखना चाहिए। विशेषकर महिलाओं को भी रक्त के मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। उनके ऊपर पूरे घर की सेहत की जिम्मेदारी होती है। इसलिए वे अपनी सेहत का बेहतरी से ख्याल रखें। अपनी थाली में हरी सब्जियों के साथ वह सब शामिल करें, जो कि हमारे शरीर में रक्त को बढ़ाता है। नवीन गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन का इस प्रयोगशाला के संचालन में बेहतर योगदान रहेगा। जो रक्त की जांच प्राइवेट लैब्स में महंगे दामों में होती हैं, वे यहां सेवा कार्य की तरह नाम मात्र दरों पर की जाएंगी। रक्त जांच की सेवा के उद्देश्य से बनी इस लैब की सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।

# तीन नए कानूनों से भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है: शाह

**करनाल:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि, फॉरेंसिक साइंस के उपयोग, सीसीटीएनएस व आईसीजेएस की भूमिका और आईपीसी, सीआरपीसी तथा ऐवीडेंस एक्ट को बदलने वाले तीन नए कानूनों से भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। 5जी युग में पुलिसिंग, नारकोटिक्स-एक गेम चेंजिंग दृष्टिकोण, सोशल मीडिया की चुनौतियाँ, सामुदायिक पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ और पुलिस औरसी.ए.पी.एफ के बीच समन्वय-सीमाओं की सुरक्षा जैसे विषयों के साथ 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह अमृतकाल की पहली पुलिस विज्ञान कांग्रेस है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट यह तीनों कानून अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए थे। 1860 से 2023 तक इसके अंदर कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जबकि जब समय बदलता है तो समाज भी बदलता है और जुर्म के तरीके व स्केल भी बदल जाते हैं। बदलते समय के साथ कानून में बदलाव बेहद ही जरूरी हो जाता है। अब इंडियन पीनल कोड का नया नाम भारतीय न्याय संहिता होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड का नया नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता होगा और इंडियन एविडेंस एक्ट का नाम भारतीय साक्ष्य अधिनियम होगा। इन बदलावों के साथ ही देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में आमूलचूल परिवर्तन होगा। अंग्रेजों के समय बने पुराने कानूनों का मकसद दंड या सजा देना था, जबकि मोदी-शाह की कोशिशों से बन रहे नए कानूनों का मकसद न्याय देना होगा। देखा जाए तो अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून में बदलाव एक तरह से गुलामी की मानसिकता से निकलने की कवायद भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में आने वाले समय में इन तीनों कानूनों के पारित होने के बाद देशवासियों को तारीख पर तारीख की समस्या से निजात मिलेगी।

# सैमसंग ने टीवी ऑफर्स के साथ फेस्टिव सीजन की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा** पिछले 17 सालों से दुनिया के नंबर एक टीवी ब्रांड सैमसंग ने आज बहुप्रतीक्षित फेस्टिव सीजन के लिए अपने टेलिविजन की एक विस्तृत रेंज पर मेगा डील प्रस्तुत की है। फेस्टिव सीजन अपने घर में कुछ नया लाने और सैमसंग के टीवी रेंज से अपने लिविंग स्पेस को स्टाइल का टच देने का एक बेहतरीन अवसर है, इसकी रेंज में नियो -क्यू एलईडी टीवी, ओ एलई टीवी, क्रिस्टल 4के आई स्मार्ट टीवी, क्रिस्टल विजन 4के टीवी, क्यूएलईडी 4के टीवी, द फ्रेम टीवी और अन्य शामिल हैं। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट, मोहनदीप सिंह ने कहा, जैसे-जैसे त्यौहार करीब आते हैं, उपभोक्ता भी अपने घरों को प्रीमियम टीवी से अपग्रेड करने की फिराक में रहते हैं। सैमसंग में, हम अपने टेलीविजनों पर आकर्षक ऑफर के साथ अपने कस्टमर्स के लिए इस फेस्टिव उत्साह को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# खुले नाले गंदगी स्टोर के साथ ही हादसों का पर्याय भी बने हैं

## खुले नालों में आए दिन गोवंश गिर कर चोटिल हो रहे है,वहां काम कर रहे मजदूरों की मदद से निकाला बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** शहर में खुले नाले हादसों कौन होता दे रहे हैं लेकिन प्रशासन बिल्कुल आंख बंद किए हुए बैठा है। रविवार की सुबह रेलवे रोड़ पर पारस वाटिका के निकट खुले पड़े नाले में गोवंश गिर गया,गोवंश को काफी चोटे भी आई है। आसपास काम कर रहे मजदूरों की मदद से निकाला बाहर। शहर में जगह जगह नालों के स्लैब टूटने के कारण खुले पड़े नाले हादसों का सबब बन रहे है। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नही। बरसात



के चलते पानी भरने के कारण नाला न दिखाई देले के चलते एक बच्चों की नाले में गिरने से मौत भी हो चुकी है । बच्चे की मौत के बाद नगरपालिका प्रशासन हरकत में आया था और कुछ जगहों पर नालों पर स्लैब डलवाकर उनको ढक दिया गया था। लेकिन शहर में आज भी बहुत जगह नाले खुले पड़े है। खुले पड़े नालों में आए दिन पशुओं के गिरने की घटनाएं

**हादसा**

**8 तीन नए कानूनों से भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है**

हो रही हैं, बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा नालों पर स्लैब लगाने का कार्य नहीं किया जा रहा। खुले नालों को लेकर शहर की विभिन्न सामाजिक एवं गो संरक्षण संस्थाएं प्रशासन से गुहार लगा चुकी हैं।

# रक्तदान शिविर में 186 लोगों ने किया रक्तदान

**रक्तदान महादान**

**8 राजीव जैन ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और जनहित कार्यो के लिए सँस्था की तारीफ की**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** माँ भारती रक्तवाहिनी के 145वें रक्तदान शिविर का बहालगढ़ के कम्युनिटी सेंटर में बहालगढ़ मार्किट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजन हुआ । सूबेदार एल बी आनंद के नेतृत्व में पहुँची आर्मी टीम का फूलमालाओं से स्वागत किया गया । सँस्था द्वारा सेना के लिए यह 33वाँ रक्तदान शिविर



लगाया गया था जिसमें 186 रक्तदाताओं ने देश हित मे बहुमूल्य योगदान दिया। शिविर में अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा नेता राजीव जैन ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और जनहित कार्यो के लिए सँस्था की तारीफ करते हुए कहा कि सँस्था कई वर्षों से रक्तदान की अलख जगाये हुए है जिस वजह से सोनीपत व आस पास के गाँवो में रक्तदान करने के लिए युवाओ में जागृति आई है । रक्तदान शिविर में इनर व्हील क्लब स्वर्ण ने रक्तदाताओं को उपहार देकर समान्नित किया । इनर व्हील क्लब स्वर्ण से प्रधान नीतू दहिया व उपप्रधान उषा भंडारी ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदाता समाज के लिए जीवनदायिनी दवा है जिसे जीवन बचाया जा रहा है। साथ ही हमेशा सँस्था का सहयोग कर रहा एच डी एफ सी बैंक सम्भालखा से नितिन सोनी सामाजिक कार्यो में समय समय सहयोग करते रहते है। शिविर में पवन दहिया ने 57वीं बार , अंकित त्यागी ने 51वीं बार , नुरतारा ने पहली बार , स्नेहलता ने 12वीं बार , प्रदीप बंसल ने 22वीं बार , प्रदीप गौतम ने 8वीं बार , विजय बंसल ने दूसरी बार, मनोज बंसल ने तीसरी बार , होमगार्ड जवान प्रमोद ने तीसरी बार, होमगार्ड जवान विकास ने पहली बार और देवेंद्र गौतम ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर 40वाँ रक्तदान किया।

# 'जिले में रविवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस'

**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिला में 60 हजार 85 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करें।

# जनता चैरिटेबल अस्पताल में तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** **सोनीपत** के गुड़ मंडी स्थित सबसे पुराने अस्पताल जनता अस्पताल में तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच का कैंप का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डा आदिश जैन निदेशक जनता अस्पताल के बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर 6 अक्तूबर से 8 अक्तूबर तक हृदय रोग विशेषज्ञ महिला रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन हड्डी रोग विशेषज्ञ, एवं जनरल फिजिशियन की अनुभवी डाक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। फ्री जांच शिविर में लैब टेस्ट/ईसीजी/एक्स - रे पर विशेष



छूट पर किये गये। कैंप दौरान जिन मरीजों को आप्रेशन की आवश्यकता थी उनके आप्रेशन रियायती दरों पर किये जायेगें। आयुष्मान, ईएसआई/ईसीएचएस के मरीजों के हर तरफ आप्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर में 534 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए आए मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन से इस तरह के कैंप का आयोजन करने की मांग की।

# राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थल

## नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ, बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा केदारनाथ का नव निर्माण : योगी

**नई प्रेरणा**

**आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**
**हमारे** तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत कही। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैं, यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है। यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है। इन सबको समेटे हुए केदारनाथ का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

## केदारनाथ मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन सीएम योगी ने सुबह ही श्रीकेदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा की। इस दौरान बाहर खड़े हजारों लोगों ने एक सुर में जय श्रीराम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री योगी का भव्य अभिनंदन किया। केदारनाथ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश और प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी मौजूद रहे।

## फास्ट न्यूज

### सीएम हेमंत की मां की तबीयत बिगड़ी

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का रांची के हिल व्यू अस्पताल में इलाज चल रहा है। शनिवार रात सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। संभावना है कि जल्द ही उन्हें अस्पताल से छोड़ भी दिया जाएगा। अभी वो अस्पताल में ही इलाजरत हैं। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर स्निग्धा रॉय प्रिया ने बताया कि चिंता जैसी कोई बात नहीं है। देर रात उन्हें अस्पताल लाया गया था। रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन की वजह से सांस लेने में समस्या होना बताया है। उनका इलाज हो गया है। अब घबराने जैसी कोई बात नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है।

### गोवर्धन पूजा पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर 13 नवंबर 2023 के पूर्व में नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालय एवं संस्थाओं के लिए घोषित स्थानीय अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप 15 नवंबर को भाईदूज पर्व के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर तथा रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### कांग्रेस सरकार आने पर पोर्टलों को किया जाएगा बंद: भूपेन्द्र

**जींद:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पोर्टल किसानों को एमएसपी व मुआवजे से वंचित करने का हथियार बन गया है। आज मंडियों में धान की खरीद नहीं हो रही है। बाजरा 500, 600, 700 रुपये प्रति क्विंटल कम रेट पर बिक रहा है। पोर्टलों का खामियाजा उन किसानों को भी उठाना पड़ रहा है, जिनकी फसल ख?ाब हो गई। कांग्रेस सरकार आते ही गैर जरूरी पोर्टलों को बंद किया जाएगा। अगामी चुनाव महंगाई, बेरोजगारी, विकास जैसे मुद्दो को लेकर लडा जाएगा। जल्द ही जींद में कांग्रेस समस्त हरियाणा सम्मेलन करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा रविवार को जींद के एसडी स्कूल में कांग्रेस के जन मिलन समारोह से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ मौजूद थे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी, गरीबों को राशन, बुजुर्गों को पेंशन, दलित-पिछड़ों को आरक्षण व नागरिकों को प्रोटेक्शन से वंचित करने का काम किया है। हर वर्ग इस सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हैं। आने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा का दिल है और पूरे हरियाणा को जींद से ऊर्जा मिलती है। जनता की इस ऊर्जा को कांग्रेस जनसेवा के कार्यों को समर्पित करेगी। हुड्डा ने कहा कि मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल में पंजीकरण के नाम पर बड़े गड़बड़झाले हो रहे है।

## भूपेश राज में महिलाओं के साथ हुये अपराधों में 82 प्रतिशत अपराधी गिरफ्तार



**उपलब्धि**

**छत्तीसगढ़ से गायब महिलाओं, बच्चियों में 97 प्रतिशत की हुई घर वापसी**

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी आई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मणि वैष्णव ने कहा कि भूपेश राज में महिलाओं के लिये जीवन जीने के लिये ज्यादा सुरक्षित माहौल बना है। महिलाओं के साथ घटित अपराधों के मामले में भूपेश सरकार में तेजी से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। महिलाओं के साथ हुये अपराधों में कांग्रेस राज में प्रकरण निराकरण और अपराधियों को पकड़ने की दर 82 प्रतिशत है जो यह बताता है कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के साथ हुये अपराधों को रोकने में सख्त है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद गुमशुदा महिलाओं और बच्चियों की बरामदगी में भी संवेदनशीलता बरती गयी है। 59 हजार 933 गायब महिलाओं में 55 हजार 713 बरामद की जा चुकी है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 10 हजार 817 बालिकाओं में से 10 हजार 514 बालिकाओं बरामद किया गया जो 97 प्रतिशत है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 49 हजार 116 महिलाओं में से 45 हजार 199 महिलाओं को बरामद किया गया जो 92 प्रतिशत है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ अपराधों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 68 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस सरकार बनने के तीन साल पहले और कांग्रेस की सरकार बनने के तीन साल बाद महिलाओं के साथ हुये अपराधों के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। बलात्कार के मामले 2016 में 1626 मामले, 2017 में 1908 मामले, 2018 में 2091 मामले, 2019 में 1036 मामले, 2020 में 1210 मामले, 2021में 1093 मामले दर्ज हुये। बलात्कार के प्रयास के मामले 2017 में 19, 2018-27, 2019-09, 2020-08, 2021-07 दर्ज हुये। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2018 में छत्तीसगढ़ बलात्कार के मामलों में पांचवें नंबर पर था, 2021 में भूपेश सरकार की महिला सुरक्षा नीतियों के कारण छत्तीसगढ़. 11वे स्थान पर आ चुका था।

## सीएस ने की बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**मुख्य** सचिव डॉ. एसएस सन्धू रविवार को बदरीनाथ पहुंचे। उन्होंने बदरीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने भगवान बद्री विशाल की पूजा अर्चना कर लोकमंगल की कामना की। मन्दिर समिति की ओर से मुख्य सचिव को अंगवस्त्र शॉल और तुलसी की माला भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्य सचिव ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ में सभी बिल्डिंग एक ही डिजाइन से तैयार करने, बद्रीश झील एवं शेष नेत्र झील का काम अक्तूबर तक, अलकनंदा पर निर्मित तीनों पुलों को दिसम्बर तक तथा आईएसबीटी का काम 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। फुटपाथ और सड़कों में ड्रेन वॉटर की लेबलिंग को ठीक करने और जहां-जहां काम पूरा हो गया वहां की ड्रेसिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्राइवरों के लिए 500 बेड की डोरमेटरी बनाने क भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यो सहित अराइवल प्लाजा, आईएसबीटी, हॉस्पिटल, शेष नेत्र और बद्रीश झील सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य सचिव को मास्टर प्लान के तहत चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### प्रदेश में होगा राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम

**जयपुर:** नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम की तर्ज पर प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन होगा। इसमें चयनित 10 हजार विद्यार्थियों को कक्षा 11 व 12 में प्रतिमाह 1250 और स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रतिमाह 2000 रुपए की छात्रवृति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं में पहली बार प्रविष्ठ हो रहे विद्यार्थी पात्र होंगे। परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में होगी। परीक्षा के लिए नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## गुजरात: रोड रिसर्फेसिंग कार्य के लिए कुल 100 करोड़ रुपये मंजूर

**विकास कार्य**

**मुख्यमंत्री शहरी सड़क योजना से 157 नगर पालिकाओं को कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित करने को स्वीकृति दी**

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
**मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल** ने सड़कों के सुधारीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पटेल ने मानसून में बारिश के कारण नगरों के सड़क मार्गो तथा रास्तों को हुए नुकसान की मरम्मत के लिए स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजनांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी सड़क योजना से 157 नगर पालिकाओं को कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित करने को स्वीकृति दी है। आवंटित 100 करोड़ रुपये की इस राशि से अ श्रेणी की 22 नगर पालिकाओं को 1-1 करोड़ रुपये के अनुसार कुल 22 करोड़ रुपये, ब श्रेणी की 30 नगर पालिकाओं को 80-80 लाख रुपये के अनुसार कुल 24 करोड़ रुपये, क श्रेणी की 60 नगर पालिकाओं को 60-60 लाख रुपये के अनुसार कुल 36 करोड़ रुपये और ड श्रेणी की 45 नगर पालिकाओं को 40-40 लाख रुपये के अनुसार कुल 18 करोड़ रुपये रोड रिसर्फेसिंग कार्यों के लिए आवंटित किए जाएंगे।

## 'यूपी में कुल उत्पादन का 17.72% खाद्यान्न'




**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2021-22 में 315.72 मिलियन टन है। प्रदेश में 56.11 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो कि देश के कुल उत्पादन का लगभग 17.72 प्रतिशत है। यह बात रविवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी उद्घाटन कार्यक्रम में उप्र के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय 450 एफपीओ संचालित हैं। किसानों से अपील कि वे कृषि वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकी से जुड़े रहे। वैज्ञानिक तकनीक एवं नवाचार से उत्पादन बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर रशियन कृषि काउंसलर डॉक्टर कांस्टेंटिन ने अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद दिया।

**निर्माण कार्य** एयरपोर्ट निर्माण का 85% से अधिक कार्य हुआ पूरा, एयरबस ए320 एयरक्रॉफ्ट के लैंडिंग की भी मिलेगी सुविधा

## अयोध्या: दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएंगी हवाई सेवाएं



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निमार्णाधीन अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्रॉफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजझवन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटझवन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शतझप्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्रॉफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है।



MARUTi
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546